छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची

दिसम्बर, 2020 सत्र

सोमवार, दिनांक 21 दिसम्बर, 2020

तारांकित प्रश्नोत्तर

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में कितने कृषकों द्वारा स्थाई/अस्थाई विद्युत पंप कनेक्शन के प्राप्त आवेदनों का निराकरण

1. (*क्र. 392) **श्रीमती छन्नू चन्दू साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के अंदर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में कितने कृषकों द्वारा स्थाई/अस्थाई विद्युत पंप कनेक्शन के कितने आवेदन वर्ष 2018 से 30 नवम्बर, 2020 तक प्राप्त हुए? उक्त आवेदनों में से कितने को स्थाई/अस्थाई कनेक्शन प्रदान किया गया एवं कितने प्रकरण किन कारणों से लंबित हैं ? वितरण केन्द्रवार कृषकों की संख्या की जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश (क) में लंबित आवेदनों का निराकरण कर कब तक कनेक्शन प्रदान कर दिया जावेगा, कृपया जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) राजनांदगांव जिलान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र खुज्जी में प्रश्नाधीन अवधि तक सिंचाई पंप हेतु स्थायी विद्युत कनेक्शन के लिए 2,720 एवं अस्थायी पंप कनेक्शन हेतु 3,372 आवेदन प्राप्त हुये. इनमें से 579 आवेदकों को स्थायी कनेक्शन तथा सभी 3,372 आवेदकों को अस्थायी कनेक्शन जारी किये गये. स्थायी पंप कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों में से 422 आवेदन कृषकों द्वारा औपचारिकता पूर्ण नहीं करने के कारण निरस्त किये गये. वर्ष 2018 से दिनांक 30 नवम्बर 2020 तक खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के स्थायी पंप कनेक्शन के कुल 1,719 आवेदन लंबित थे. उक्त आवेदनों में से वरीयता क्रमानुसार लक्ष्य की सीमा में पंप कनेक्शन के कार्य किये जा रहे है. स्थायी एवं अस्थायी कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदन, जारी किये गये कनेक्शन एवं लंबित आवेदनों के संख्या की वितरण केन्द्रवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) वर्ष 2020-21 के लिये राजनांदगांव जिले के लिये पंप ऊर्जीकरण हेतु आबंटित 1,000 पंप के लक्ष्य के विरूद्ध विधानसभा क्षेत्र खुज्जी के लंबित पंप आवेदनों में भुगतान तिथि वरीयता अनुसार 74 पंप का कार्य 31 मार्च 2021 तक पूर्ण किये जाने के प्रयास है. शेष लंबित पंपों के कार्य आगामी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किये जाने के प्रयास है.

कांकेर वनवृत्त के अंतर्गत केशकाल व कोण्डागांव वन मंडलों में संपादित फेंसिंग कार्य

2. (*क्र. 298) **श्री सन्तराम नेताम** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2019-20 से प्रश्नावधि तिथि तक कांकेर वन वृत के अंतर्गत केशकाल व कोण्डागांव वनमंडलों में किन-किन परिक्षेत्र में चैन लिंग फेंसिंग कार्य किए गए हैं ? किन-किन एजेंसियों, फर्म से कौन-कौन सी सामग्रियों की खरीदी की गई है ? एवं कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है ? एजेंसीवार, परिक्षेत्रवार जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" में दर्शित है.

प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य

3. (*क्र. 215) **श्री रजनीश कुमार सिंह** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 व वित्तीय वर्ष 2020-21 में क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं ? केन्द्र शासन को प्रस्ताव कब भेजा गया ? केन्द्र शासन से कितनी राशि के किन-किन कार्यों हेतु स्वीकृति कब-कब प्राप्त हुई है ? (ख) क्या केन्द्र को प्रेषित प्रस्ताव मिशन की मार्गदर्शिकानुसार ग्राम, जिला व राज्य स्तर पर गठित समिति से अनुशंसित या अनुमोदित है ? (ग) प्रश्नांक अवधि में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल कितने कार्यों हेतु कितनी राशि की ई.ओ.आई (EOI) निविदाएं आमंत्रित की गई थी ? कितनी फर्मों को कितनी राशि का क्रय आदेश जारी किया गया था? कुल कितने नल कनेक्शन लगे इस हेतु कितनी राशि का भुगतान किया गया व कितनी राशि शेष है ? जिलेवार जानकारी देने का कष्ट करें ? (घ) क्या उपरोक्त सभी निविदाएं निरस्त कर दी गई है ? यदि हां तो क्यों ?

---

† परिशिष्ट "एक"

†† परिशिष्ट "दो"

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 7 लाख 86 हजार कार्यरत घरेलु नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये थे. वित्तीय वर्ष 2020-21 में 20 लाख 61 हजार 834 कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) का लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं. जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में केन्द्र शासन को कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया. वर्ष 2020-21 में ऑन-लाईन के माध्यम से केन्द्र शासन को प्रस्ताव दिनांक 28 मई 2020 को प्रेषित किया गया. भारत सरकार से रुपये 3540.13 करोड़ की स्वीकृति 20 लाख 61 हजार 834 घरेलू नल कनेक्शन के कार्य हेतु दिनांक 01 जुलाई 2020 को प्रदान की गई है. (ख) केन्द्र शासन को प्रेषित प्रस्ताव जल जीवन मिशन की मार्गदर्शिका अनुसार ग्राम, जिला व राज्य स्तर पर गठित समिति से अनुशंसित या अनुमोदित नही है तथापि राज्य स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई थी जिसका राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (एस.डब्ल्यू.एस.एम.) की कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन की सहमति दी गई. (ग) प्रश्नांश अवधि में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 41.33 लाख कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) कार्यों के संपादन हेतु पेयजल योजनाओं के विभिन्न अवयवों के लिए रुपये 9485 करोड़ 60 लाख की "रूचि की अभिव्यक्ति" (ई.ओ.आई.) आमंत्रित की गई थी. ई.ओ.आई. में उल्लेखित कार्यों के लिये किसी भी फर्म को क्रय आदेश जारी नहीं किया गया. अतः जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदान किए गए कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) की जानकारी निरंक है. इस हेतु भुगतान की जानकारी निरंक एवं भुगतान हेतु शेष राशि की जानकारी भी निरंक है. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में जिलेवार जानकारी निरंक है. (घ) जी हां उपरोक्त ई.ओ.आई. निरस्त कर दी गई है. निविदा आमंत्रित नहीं की गई थी. अतः निरस्त का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. मंत्रिपरिषद के निर्णय अनुसार.

ग्राम कामठी, विकासखण्ड-पण्डरिया में कृषकों द्वारा कृषि ट्यूब वेल कनेक्शन हेतु जमा राशि एवं प्रदत्त कनेक्शन की स्थिति

4. (*क्र. 387) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या ग्राम-कामठी विकासखंड-पंडरिया जिला-कबीरधाम के पंद्रह कृषकों ने कृषि ट्यूबवेल कनेक्शन हेतु समस्त दस्तावेज सहित विभाग द्वारा जारी डिमांड के अनुसार राशि सी.एस.ई.बी. कार्यालय पंडरिया में जमा किया गया है ? यदि हां तो उन कृषकों का नाम एवं जमा की गई राशि का दिनांक बतावें ? (ख) क्या यह सही है, कि प्रश्न (क) में पूछे गए कृषकों को 27.11.2020 की स्थिति में भी कृषि ट्यूबवेल हेतु कनेक्शन नहीं दिया गया है ? यदि हां, तो कनेक्शन क्यों नही दिया गया है ? यदि नहीं, तो अद्यतन क्या स्थिति है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जी हां. कबीरधाम जिले के पण्डरिया विकासखण्ड के ग्राम कामठी के 16 कृषकों (15 कृषक नहीं) द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के पण्डरिया वितरण केन्द्र कार्यालय में ट्यूबवेल कनेक्शन हेतु राशि माह मार्च 2019 में भुगतान किया गया है. कृषकों के नाम एवं जमा की गई राशि का दिनांकवार जानकारी नीचे तालिका में दर्शित है –

क्रमांक	कृषक का नाम	पिता का नाम	जमा की गई राशि का दिनांक
1.	श्री नरेश पटेल	श्री भागबली	20 मार्च 2019
2.	श्री नारायण पटेल	श्री ढउल	20 मार्च 2019
3.	श्री सुखधारी पटेल	श्री भक्कु	20 मार्च 2019
4.	श्री रामदयाल पटेल	श्री तुकाराम	20 मार्च 2019
5.	श्री सुखसिंह पटेल	श्री सावतराम	20 मार्च 2019
6.	श्री मलिकराम पटेल	श्री मेहत्तर	20 मार्च 2019
7.	श्री रामू पटेल	श्री दुखुवा	20 मार्च 2019
8.	श्री रमेश पटेल	श्री सुधवा	20 मार्च 2019
9.	श्री महेतार तुलाराम पटेल	श्री तुलाराम	23 मार्च 2019
10.	श्री होरीराम पटेल	श्री टिकउ	23 मार्च 2019
11.	श्री तिहारी पटेल	श्री अमरू	23 मार्च 2019
12.	श्री अमलाल पटेल	श्री जग्गू	23 मार्च 2019
13.	रामाधीन पटेल	श्री कलीराम	23 मार्च 2019
14.	श्री नंदराम पटेल	श्री फिरंगी	23 मार्च 2019
15.	श्रीमती लता बाई पटेल	श्री पितउ	23 मार्च 2019
16.	श्री भगवानी पटेल	श्री दरबारी	23 मार्च 2019

(ख) जी हां. यह सही है कि उत्तरांश "क" में सम्मिलित सभी कृषकों को दिनांक 27.11.2020 की स्थिति में कृषि पंप कनेक्शन नहीं दिया जा सका है. कृषि पंप कनेक्शन हेतु लाइन विस्तार का कार्य राशि जमा करने के वरियता के आधार पर किये जाते है. वर्ष 2019-20 में कबीरधाम जिले में कृषि पंप कनेक्शन हेतु 531 पंप ऊर्जीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. जिसमें से पण्डरिया संभाग हेतु 250 पंप ऊर्जीकरण का लक्ष्य आवंटित

था. वित्तीय वर्ष 2019-20 में पण्डरिया संभाग के अंतर्गत 503 प्रकरण लंबित थे. उत्तरांश "क" में उल्लेखित कृषकों का क्रम वरियता के आधार पर उपरोक्त लक्ष्य में सम्मिलित नहीं होने के कारण लाइन विस्तार कार्य 2019-20 में नहीं किया जा सका. उपरोक्त सभी कृषको के विद्युत पंप कनेक्शन हेतु कार्यादेश जारी किया गया है एवं वर्तमान में कार्य प्रति पर है एवं मार्च 2021 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है.

प्रदेश में कृषकों को स्थाई विद्युत पंप कनेक्शन प्रदाय का लक्ष्य

5. (*क्र. 162) **श्री अजय चन्द्राकर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017-2018, 2018-2019, 2019-2020 एवं 2020-2021 में कुल कितने कृषकों को सिंचाई हेतु स्थाई विद्युत पंप कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य रखा गया था? (ख) उक्त वर्षों में कितने विद्युत पंप ऊर्जीकृत किये गये ? (ग) प्रश्नांश दिनांक तक विभाग के पास कितने पंप कनेक्शन हेतु आवेदन लंबित है एवं इन्हें कब तक कनेक्शन प्रदान कर दिया जायेगा ? (घ) प्रदेश में कितने सिंचाई पंप के अस्थायी कनेक्शन विद्यमान है ? तथा इसे कब तक स्थायी कनेक्शन प्रदाय कर दिया जायेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रदेश में सिंचाई हेतु स्थाई विद्युत पंप कनेक्शन के लिए वर्ष 2017-18 एवं वर्ष 2018-19 हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया था. वर्ष 2019-20 हेतु 15,000 एवं वर्ष 2020-21 हेतु 10,000 सिंचाई पंपों के ऊर्जीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. (ख) उत्तरांश "क" के परिप्रेक्ष्य में ऊर्जीकृत किये गये पंप कनेक्शनों की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :–

वर्ष (1)	ऊर्जीकृत किये गये पंप कनेक्शनों की संख्या (2)
2017-18	17,153
2018-19	22,224
2019-20	18,194
2020-21 (दिनांक 30-11-2020 की स्थिति में)	6,346

(ग) प्रदेश में दिनांक 30.11.2020 की स्थिति में 33,648 औपचारिकतापूर्ण पंप आवेदन लंबित है. वर्ष 2020-21 में कृषि पंप ऊर्जीकरण योजना के अंतर्गत रु. 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसके परिप्रेक्ष्य में 10,000 पंपों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. आगामी वित्तीय वर्ष में वित्तीय संसाधन की उपलब्धता अनुसार शेष लंबित पंपों के कार्य पूर्ण किये जाने के प्रयास है. (घ) प्रदेश में दिनांक 30.11.2020 की स्थिति में 94,950 नग सिंचाई पंप के अस्थायी कनेक्शन विद्यमान है. छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा किसी भी प्रकार के अस्थायी कनेक्शन को स्थायी कनेक्शन में परिवर्तित करने का नियम नहीं है अपितु स्थायी कनेक्शन हेतु आवेदक द्वारा पृथक से निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने पर तकनीकी रूप से साध्य प्रकरणों का प्राक्कलन स्वीकृत किया जाता है. तत्पश्चात् आवेदक द्वारा औपचारिकताएं पूर्ण किये जाने पर वित्तीय संसाधन की उपलब्धता अनुसार विद्युत कनेक्शन प्रदाय किया जाता है. अतः कृषि पंप के अस्थायी कनेक्शन को स्थायी किये जाने का प्रश्न उद्भूत नहीं होता.

जिला कोण्डागांव में वन रोपणियों में दैनिक मजदूरों को कम दर पर मजदूरी भुगतान पर कार्यवाही

6. (*क्र. 107) **श्री मोहन मरकाम** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोण्डागांव जिले के वन मण्डलों में कितनी वन रोपणियां संचालित हैं ? इन वन रोपणियों में वर्ष 2018, 2019 एवं वर्ष 2020 में माह नवम्बर, 2020 तक दैनिक मजदूरी दर पर माहवार कितने मजदूरों से कार्य लिया गया ? उक्त मजदूरों के मानदेय भुगतान हेतु किस दर पर कितनी राशि का आहरण किया गया ? (ख) कंडिका "क" के अनुसार मजदूरों को किस दर पर कितनी राशि का भुगतान किया गया ? भुगतान का माध्यम क्या था ? (ग) क्या मजदूरों को शासन द्वारा निर्धारित दैनिक मजदूरी का भुगतान न कर कम राशि का भुगतान किए जाने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो कौन जिम्मेदार हैं और उस पर 30 नवम्बर, 2020 की स्थिति में क्या कार्यवाही की गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

राजनांदगांव जिले में अवैध रेत एवं मुरूम के खनन तथा परिवहन के दर्ज प्रकरण

7. (*क्र. 247) **डॉ. रमन सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले में जनवरी, 2019 से 30.11.2020 तक रेत एवं मुरूम के अवैध खनन तथा परिवहन के कितने मामले दर्ज किये गये ? (ख) कितने के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई ? (ग) कितने मामले विचाराधीन हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) राजनांदगांव जिले में 01 जनवरी 2019 से 30.11.2020 तक रेत एवं मुरूम के अवैध खनन के 35 तथा अवैध परिवहन के 396 प्रकरण दर्ज किये गये है. (ख) खनिज रेत एवं मुरूम के अवैध उत्खनन के कुल 34 प्रकरणों में समझौता राशि रुपये 22 लाख 25 हजार 150 एवं अवैध परिवहन के कुल 396 प्रकरणों में समझौता राशि रुपये 47 लाख 15 हजार 225 वसूल किया गया है. (ग) राजनांदगांव विकासखण्ड में खनिज मुरूम के अवैध उत्खनन का 01 प्रकरण अपर कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन है.

धमतरी जिले में खनिज विभाग द्वारा रेत भण्डार हेतु प्रदत्त अनुमति

8. (*क्र. 187) **श्रीमती रंजना डिपेन्द्र साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या धमतरी जिले में खनिज विभाग के द्वारा रेत भंडारण की अनुमति दी गई है ? यदि हां, तो 1 जनवरी, 2020 से 25 नवंबर, 2020 तक कितने व्यक्ति फर्म या संस्था को दी गई, नाम, स्थान, खसरा नं. जारी दिनांक भंडारण की मात्रा एवं कितने वर्ष के लिए किस दर पर प्रदान की गई ? (ख) 1 जनवरी, से 15 जून तक कितनी मात्रा में रेत भंडारण किया गया रेत भंडारण के क्या नियम हैं एवं भंडारण की अनुमति किस कार्य के लिए ली गई थी ? अलग-अलग जानकारी देवें ? भंडारित रेत का विक्रय किस दर पर किया गया ? उक्त भंडारण स्थल से कितनी राशि शासन को प्राप्त हुई, माहवार जानकारी बतावें ? क्या रेत विक्रय अन्य राज्यों को किया जा सकता है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जी हां, 01 जनवरी, 2020 से 25 नवम्बर, 2020 तक 21 भण्डारण अनुज्ञा स्वीकृत किये गए है. विस्तृत जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम, 2009 के तहत् स्वीकृत भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा 01 जनवरी से 15 जून तक रेत भंडारण अनुज्ञा की अलग-अलग जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कॉलम-6 पर दर्शित है. रेत भण्डारण की अनुमति विक्रय/उपयोग हेतु लिया जाता है. भण्डारित रेत का विक्रय दर खनिज साधन विभाग द्वारा निर्धारित नहीं किया जाता है. अतः जानकारी निरंक है. † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित भण्डारण अनुज्ञा से राज्य शासन को आवेदन शुल्क एवं वार्षिक शुल्क के रूप में कुल राशि 26 लाख 87 हजार 500 रुपये प्राप्त हुई है. छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम, 2009 में खनिज रेत का अन्य राज्यों में विक्रय न किये जाने की बाध्यता नहीं है.

रायगढ़ जिले के गोमर्डा अभ्यारण में संपादित कार्य

9. (*क्र. 235) **श्री प्रकाश शक्राजीत नायक** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वन्य जीव मद या अन्य से वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में गोमर्डा अभ्यारण में कौन-कौन सा कार्य कितनी-कितनी राशि में कराया गया है ? (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण हैं ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में वन्य जीव मद या अन्य से गोमर्डा अभ्यारण्य अंतर्गत वर्षवार क्रमानुसार 135 एवं 45 कार्य कराये गये हैं. कराये गये कार्य एवं उस पर हुये व्यय का विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) वर्ष 2018-19 में 105 कार्य पूर्ण किया गया तथा 30 कार्य अपूर्ण है. वर्ष 2019-20 के सभी 45 कार्य पूर्ण है. जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

बलौदाबाजार वृत्त के अंतर्गत कसडोल संभाग में मीटर शिफ्टिंग

10. (*क्र. 346) **श्री प्रमोद कुमार शर्मा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बलौदाबाजार वृत्त के अंतर्गत कसडोल संभाग में वर्ष 2017-18 से 20 नवम्बर, 2020 तक कुल कितने मीटर शिफ्टिंग के कार्य हुए हैं ? वर्षवार व वितरण केंद्रवार (डी. सी. वाईस) जानकारी उपलब्ध करायें ? (ख) प्रश्नांश "क" के अनुसार, कितने ठेकेदारों के द्वारा यह कार्य किया गया ? वर्षवार व वितरण केन्द्रवार व्यय की गई राशि की जानकारी उपलब्ध करावें.

---

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार"

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के बलौदाबाजार वृत्त के अंतर्गत कसडोल संभाग में 20 नवम्बर, 2020 तक 74 नग कार्यादेशों के अंतर्गत कुल 20,295 नग मीटर की शिफ्टिंग किया गया. वर्षवार एवं वितरण केंद्रवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) उत्तरांश "क" के अनुसार, कुल 74 नग मीटर शिफ्टिंग के कार्यादेश तीन ठेकेदारों के द्वारा पूर्ण कराया गया है. मीटर शिफ्टिंग कार्यों में व्यय राशि की वर्षवार एवं वितरण केंद्रवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

पामगढ़ एवं नवागढ़ विकासखण्ड में नलजल योजना के तहत निर्मित पानी टंकी

11. (*क्र. 400) **श्रीमती इन्दू बंजारे** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्ड पामगढ़ व नवागढ़ के कितने ग्रामों में नलजल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया स्वीकृत नलजल योजना में कौन-कौन से ग्रामों में चालू है तथा कौन-कौन से ग्रामों में बंद पड़ी हैं ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्ड पामगढ़ के 20 ग्रामों में व नवागढ़ के 33 ग्रामों में नलजल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया है. विकासखण्ड पामगढ़ एवं नवागढ़ में स्वीकृत नलजल योजनाओं के चालू/बंद की स्थिति ग्रामवार विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है.

प्रदेश में निजी क्षेत्र के उद्योगों पर बकाया बिजली बिल की वसूली

12. (*क्र. 1) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में दिनांक 31.10.2020 की स्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का कितने निजी क्षेत्र के उद्योगों पर 01 लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है तथा बकाया होने के क्या कारण है ? (ख) प्रश्नांश "क" के अवधि के पश्चात् बकाया राशि की वसूली के लिए क्या-क्या कार्यवाही की गई ? एवं कितने राशि की वसूली की गई एवं शेष राशि की वसूली के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) प्रदेश में दिनांक 31.10.2020 की स्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का 1136 निजी क्षेत्र के उद्योगों पर एक लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है. बिजली बिल बकाया के मुख्य कारण सक्षम न्यायालय द्वारा वसूली पर स्थगन आदेश, विश्वव्यापी कोविड-19 महामारी के फलस्वरूप की गयी तालाबंदी के कारण भुगतान न किये जाने एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा निजी उद्योगों को प्रदान की गयी विशेष राहत (मोरेटोरियम) आदि है. (ख) दिनांक 31.10.2020 के पश्चात छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा निजी क्षेत्र के औद्योगिक उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली हेतु दूरभाष के माध्यम से एवं व्यक्तिगत संपर्क कर बकाया राशि जमा करने हेतु सूचना दी गई है. निजी क्षेत्र के 266 औद्योगिक उपभोक्ताओं से रुपये 33.41 करोड़ की वसूली की गई है एवं शेष बकाया राशि की वसूली हेतु उपरोक्त के अतिरिक्त विद्युत कनेक्शनों के अस्थायी विच्छेदन एवं छत्तीसगढ़ गवर्मेंट इलेक्ट्रिकल अंडरटेकिंग (ड्यूज रिकव्हरी) एक्ट 1961 के प्रावधानों के अतर्गत विद्युत कनेक्शन का स्थायी विच्छेदन एवं बी फार्म, सी फार्म जारी करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में वनरक्षकों के स्वीकृत/रिक्त पद

13. (*क्र. 199) **श्री गुलाब कमरो** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरिया जिला अंतर्गत 02 वनमण्डल एवं 01 गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान की सुरक्षा हेतु वनरक्षकों के स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पद कितने हैं ? (ख) वनरक्षकों के रिक्त पदों की भर्ती कब तक होगी ? (ग) उप वनक्षेत्रपाल की पदोन्नति वनक्षेत्रपाल के पद पर किये जाने हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता क्या है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) वनरक्षक/गेमगार्ड के 296 पद स्वीकृत, 210 पद भरे एवं 86 पद रिक्त है. (ख) छ.ग. शासन, वित्त निर्देश क्रमांक 12/2020, दिनांक 27.05.2020 के तहत् विभागीय प्रस्ताव पर वित्त विभाग से पुनः अनुमति प्राप्त होने के उपरांत वनरक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी. (ग) उपवनक्षेत्रपाल की वनक्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति के लिये सेवा अनुभव की न्यूनतम कालावधि 05 वर्ष निर्धारित है, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का प्रावधान नहीं है.

---

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छः"

बेमेतरा जिले में किसानों को स्थायी पंप कनेक्शन के लंबित प्रकरण

14. (*क्र. 272) **श्री आशीष कुमार छाबड़ा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बेमेतरा जिले में किसानों को स्थायी पंप कनेक्शन के माह नवम्बर, 2020 तक कितने प्रकरण लंबित हैं, तथा लंबित प्रकरणों को कब तक पूर्ण किया जावेगा ? इसके लिए विभाग द्वारा कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया हो तो जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : नवंबर, 2020 तक बेमेतरा जिले में सिंचाई हेतु स्थायी पंप कनेक्शन के लाइन कार्य विस्तार हेतु 3071, कृषकों द्वारा औपचारिकता पूर्ण करने हेतु 1,142 तथा स्वीकृति हेतु 231 आवेदन अर्थात कुल 4,444 आवेदन लंबित हैं. वर्ष 2020-21 में बेमेतरा जिले हेतु 915 पंपों के ऊर्जीकरण का लक्ष्य निर्धारित है. लंबित शेष आवेदकों के कार्य आगामी वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूर्ण करने के प्रयास है.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बिंता और हर्राकोडेर में मोबाईल टॉवर की स्थापना

15. (*क्र. 232) **श्री राजमन बेंजाम** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिंता और हर्राकोडेर जैसे अति संवेदनशील क्षेत्रों में किन कंपनियों के मोबाईल टॉवर स्थापित किये जा रहे हैं ? (ख) मोबाईल टॉवर कब तक काम करना शुरू करेंगे ? इसमें विलंब होने के क्या कारण हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिंता एवं ग्राम पंचायत हर्राकोडेर में जियो कंपनी के मोबाईल टॉवर स्थापित किए जा रहे हैं. (ख) मोबाईल नेटवर्क टॉवर निजी मोबाईल सेवा प्रदाताओं द्वारा स्थापित किये जाते है. मोबाईल टॉवर्स स्थापित करने के लिए क्षेत्रों का चयन, मोबाईल सेवा प्रदाताओं द्वारा अपने व्यावसायिक हित के आधार पर किया जाता है और इसलिए राज्य शासन की नेटवर्क विस्तार कार्य योजना तैयार करने में काई भूमिका नहीं है. निजी मोबाईल सेवा प्रदाता द्वारा तैयार की गई कार्य योजना का क्रियान्वयन कंपनी द्वारा स्वयं किया जाता है. अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

प्रदेश को जल जीवन मिशन अंतर्गत केन्द्र से प्राप्त राशि

16. (*क्र. 191) **श्री शिवरतन शर्मा**: क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में कार्य कराने हेतु किस मापदंड से केंद्रांश, राज्यांश की राशि लगेगी तथा इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में कितने नगरीय निकाय तथा कितने ग्रामों हेतु कार्य स्वीकृत किया गया है ? (ख) उक्त स्वीकृत कार्यों हेतु केन्द्र से कितनी राशि प्राप्त हो गयी है तथा क्या कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी ? यदि हां, तो कब तथा वर्तमान में आमंत्रित निविदाओं पर शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) जल जीवन मिशन के अतर्गत राज्य में कार्य कराने हेतु जल जीवन मिशन की मार्गदर्शिका अनुसार केन्द्रांश की 50 प्रतिशत राशि एवं राज्यांश की 50 प्रतिशत राशि लगेगी. इस योजना के अतर्गत नगरीय निकायों में कोई कार्य स्वीकृत नहीं किए गए है. इस योजना के अतर्गत 2960 ग्रामों हेतु 3852 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है. (ख) जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन हेतु केन्द्र से कुल 288 करोड़ 57 लाख 82 हजार की राशि प्राप्त हुई है. कार्य कराने हेतु कोई निविदा आमंत्रित नहीं की गई थी अपितु राज्य के लिये केन्द्रीयकृत रेट कांट्रेक्ट हेतु दरें प्राप्त करने के लिये "रूचि की अभिव्यक्ति" आमंत्रित की गई थी. "रूचि की अभिव्यक्ति" दिनांक 19.06.2020 से आमंत्रित की गई थी. "रूचि की अभिव्यक्ति" से संबंधित समस्त कार्यवाही विभाग द्वारा निरस्त कर दी गई है.

खैरागढ़ नगर पालिका परिषद एवं छुईखदान नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग तथा अवैध कॉलोनियों की जांच

17. (*क्र. 228) **श्री देवव्रत सिंह**: क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य शासन के नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा जिला राजनांदगांव के खैरागढ़ नगर पालिका परिषद् एवं छुईखदान नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग तथा अवैध कॉलोनियों के संबंध में क्या जॉच की गई है ? (ख) यदि हॉ, तो उक्त जॉच में अवैध प्लाटिंग के कितने प्रकरण दर्ज किये गये तथा अवैध प्लाटिंग करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध राज्य शासन अथवा जिला नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा कितनी शास्ति ली गई हैं एवं क्या कार्यवाही की गई है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जी हां.(ख) छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 37 की उपधारा (1) के अंतर्गत ,खैरागढ़ नगर पालिक परिषद अंतर्गत कुल 147 अवैध प्लाटिंग एवं 10 अवैध कालोनियों के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर अवैध विकासकर्ताओं को उनके द्वारा किये जा रहे अवैधानिक कृत्य के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया. छुईखदान नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत

कुल 134 अवैध प्लाटिंग, 03 अवैध कालोनियों के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई, छुईखदान के पत्र क्रमांक 129 दिनांक 25.02.2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रश्नाधीन स्थल पर हो रहे अवैध विकास/निर्माण का संयुक्त स्थल निरीक्षण किया गया. खैरागढ़ नगर पालिक परिषद् एवं छुईखदान नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत स्थल निरीक्षण उपरांत मुख्य नगर पालिका अधिकारी, खैरागढ़ एवं छुईखदान को अवैध प्लाटिंग करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम एवं नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्ते) नियम, 2013 के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त प्रकरणों पर अवैध कालोनियों के संबंध में किसी भी प्रकार की शास्ति राशि आरोपित नहीं की गई है तथा अवैध कालोनाइजरों के विरूद्ध सक्षम प्राधिकारी को छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम एवं नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्ते) नियम 2013 के तहत आवश्यक कार्यवाही की जा रही है.

बलौदा तहसील में मड़वा ताप विद्युत परियोजना में राखड़ बांध के समीप ग्रीन बेल्ट की स्थापना

18. (*क्र. 134) **श्री सौरभ सिंह**: क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर चाम्पा जिले में संचालित अटल बिहारी बाजपेयी मड़वा ताप विद्युत परियोजना के अंतर्गत बलौदा तहसील में स्थापित राखड़ बांध में बांध की दीवाल से कितने क्षेत्रफल में ग्रीन बेल्ट लगाने का प्रावधान है ? (ख) उपरोक्त दीवार के समीप कितने पेड़ कब-कब किस एजेंसी द्वारा लगाया गया है और इसका निरीक्षण कब-कब किया गया है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जांजगीर चाम्पा जिले में संचालित मेसर्स छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड, (अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा) ग्राम-मड़वा, जिला-जांजगीर-चांपा को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत जारी संचालन सम्मति दिनांक 31.03.2014 तथा भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति वैधता वृद्धि पत्र दिनांक 31.03.2016 में राखड़ बांध के चारों ओर वृक्षारोपण करने की शर्त दी गई है, तथापि वृक्षारोपण का क्षेत्रफल निर्दिष्ट नहीं है. (ख) उपलब्ध जानकारी अनुसार राखड़ बांध के समीप उपलब्ध जमीन पर मेसर्स बी.जी.आर. इनर्जी सिस्टम्स लिमिटेड, चेन्नई द्वारा वर्ष 2016 में 6000 नग, वर्ष 2017 में 9657 नग एवं वर्ष 2020 में 4264 नग पौधे रोपे गये. माह सितंबर 2018 में उद्योग द्वारा वन विभाग में सूचीबद्ध संस्था मेसर्स सिन्द्रा, रायपुर से वृक्षारोपण का भौतिक सत्यापन कराया गया था. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिनांक 24.03.2017, 07.09.2017, 06.06.2018, 18.07.2018, 07.02.2020, 02.07.2020 एवं 08.12.2020 को उक्त वृक्षारोपण का निरीक्षण किया गया है.

प्रदेश को जल जीवन मिशन के तहत आबंटित राशि एवं जारी वर्क ऑर्डर

19. (*क्र. 344) **डॉ. रेणु अजीत जोगी** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जल जीवन मिशन के तहत इस वर्ष छत्तीसगढ़ को कितनी राशि का बजट आवंटित हुआ था ? इसमें से कितनी राशि के वर्क ऑर्डर जारी किये गये थे ? (ख) जारी किये गये वर्क ऑर्डरों में कितने वर्क ऑर्डर छत्तीसगढ़ से बाहर की कंपनियों को जारी किये गये ? किस आधार पर इन कंपनियों को वर्क ऑर्डर जारी करने का निर्णय लिया गया ? (ग) जारी किये गये सभी वर्क ऑर्डर क्या निरस्त किये गये ? यदि वर्क ऑर्डर में अनियमितता थी तो इसके लिए कौन-कौन लोग जिम्मेदार हैं ? उन पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) जल जीवन मिशन के तहत भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा इस वर्ष छत्तीसगढ़ को केन्द्रांश राशि रुपये 445 करोड़ 52 लाख का बजट आवंटित हुआ है. उपलब्ध केन्द्रांश एवं राज्यांश की राशि में से रुपये 248.20 करोड़ के वर्क आर्डर, जारी किये गये है. (ख) विभाग द्वारा कोई भी वर्क आर्डर छत्तीसगढ़ से बाहर की कंपनी को जारी नही किये गये है तथापि विभाग द्वारा क्रेडा को वर्क आर्डर जारी किये गये है. क्रेडा छत्तीसगढ़ के द्वारा कुल 495 कार्य राज्य से बाहर की इकाईयों को दिया गया है. क्रेडा छत्तीसगढ़ के अनुसार राज्य में सौर संयंत्रों की निर्माणकर्त्ता इकाईयां अपेक्षाकृत नहीं एवं संस्था में कम होने के कारण, समग्र रूप से पात्र, राज्य के बाहरी इकाईयों को कार्य दिया गया है. (ग) जी नहीं. क्रेडा छत्तीसगढ़ को जारी किये गये वर्क आर्डर निरस्त नहीं किये गये. क्रेडा द्वारा विभिन्न फर्मों को जारी किये गये कोई भी वर्क आर्डर निरस्त नहीं किये गये. वर्क आर्डरों में कोई अनियमितता नहीं थी. अतः प्रश्न ही उत्पन्न नही होता. प्रश्न ही उत्पन्न नही होता.

संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र में नलकूप खनन की स्वीकृति एवं संधारण हेतु व्यय राशि

20. (*क्र. 373) **श्रीमती संगीता सिन्हा** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2018-19 से 27 नवम्बर, 2020 तक कितने नलकूप खनन की स्वीकृति दी गई है ? इनमें से कितने नलकूप सफल

एवं कितने असफल रहे ? उक्तावधि में कितने नलकूप/हैण्डपंपों का संधारण कार्य किया गया एवं इस कार्य में कितनी राशि व्यय हुई ? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) उक्तावधि तक कितने ट्यूबवेल एवं हैण्डपंप से आयरन एवं फ्लोराइडयुक्त पानी निकलने की पुष्टि हुई है ? इसकी रोकथाम हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या उपाय किये गये हैं एवं इस कार्य में कितनी राशि व्यय हुई ? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी देवें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2018-19 से 27 नवम्बर 2020 तक कुल 145 नलकूप खनन की स्वीकृति प्रदान की गई है. इनमें से खनित 111 नलकूपों में से 84 नलकूप सफल एवं 27 नलकूप असफल रहे. प्रश्नाधीन अवधि (वर्ष 2018-19 से 27 नवम्बर 2020 तक) में कुल 4238 नलकूप/हैण्डपंपों का संधारण कार्य किया गया एवं इस कार्य में राशि रुपये 104.58 लाख व्यय हुई. वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. (ख) प्रश्नाधीन अवधि तक कुल 46 हैण्डपंपों में आयरन एवं 01 हैण्डपम्प में फ्लोराईड स्वीकार्य मात्रा से अधिक पाई गई है. इसकी रोकथाम हेतु फ्लोराईड युक्त हैण्डपम्प को बंद कर नलकूप को कैप कर दिया गया है तथा आयरन प्रभावित हैण्डपम्पों का निरस्तारी हेतु उपयोग किये जाने बाबत् ग्रामीणों को समझाइस दी गई है. व्यय की जानकारी निरंक है. विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित अनुसार है.

जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य

21. (*क्र. 353) **श्री धरमलाल कौशिक** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जल जीवन मिशन के अंतर्गत पिछले एवं इस वित्तीय वर्ष हेतु प्रदेश में क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं ? इस हेतु प्रस्ताव केंद्र शासन को कब भेजा गया एवं केंद्र शासन से कितनी राशि की स्वीकृति किन कार्यों हेतु कब प्राप्त हुई ? क्या केंद्र को प्रेषित प्रस्ताव मिशन की मार्गदर्शिकानुसार ग्राम, जिला व राज्य स्तर पर गठित समिति से अनुशंसित या अनुमोदित है ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ख) प्रश्नांक "क" अवधि में जल मिशन के अंतर्गत कुल कितने कार्यों हेतु व कितनी राशि की ई.ओ.आई./निविदाएं आमंत्रित की गई थी ? कितनी फर्मों को कितनी राशि का क्रय आदेश जारी किया गया था तथा कितने नल कनेक्शन लगे ? इस हेतु कितनी राशि भुगतान की गई व कितनी शेष हैं ? जिलेवार जानकारी देवें ? इस संबंध में क्या-क्या शिकायतें प्राप्त हुई व उन पर क्या कार्यवाही की गई ? क्या वरिष्ठ अधिकारियों की समिति के द्वारा ई.ओ.आई./निविदाओं में अनियमितता की जांच की गई? यदि हां, तो समिति की अनुशंसा क्या थी और ई.ओ.आई./निविदा निरस्त करने के कारण क्या थे तथा दोषी अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 7 लाख 86 हजार कार्यरत घरेलु नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये थे. वित्तीय वर्ष 2020-21 में 20 लाख 61 हजार 834 कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) का लक्ष्य निर्धारित किये गये है. जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में केन्द्र शासन को कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया. वर्ष 2020-21 में ऑन-लाईन के माध्यम से केन्द्र शासन को प्रस्ताव दिनांक 28 मई 2020 को प्रेषित किया गया. भारत सरकार से रुपये 3540.13 करोड़ की स्वीकृति 20 लाख 61 हजार 834 घरेलू नल कनेक्शन के कार्य हेतु दिनांक 01 जुलाई 2020 को प्रदान की गई है. केन्द्र शासन को प्रेषित प्रस्ताव जल जीवन मिशन की मार्गदर्शिका अनुसार ग्राम, जिला व राज्य स्तर पर गठित समिति से अनुशंसित या अनुमोदित नहीं है, तथापि राज्य स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई थी जिसका राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (एस.डब्ल्यू.एस.एम.) की कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन की सहमति दी गई. कोविड-19 के कारण राज्य स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई थी. (ख) प्रश्नांश अवधि में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 41.33 लाख कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) कार्यों के संपादन हेतु पेयजल योजनाओं के विभिन्न अवयवों के लिए रुपये 9485 करोड़ 60 लाख की "रूचि की अभिव्यक्ति" (ई.ओ.आई.) आमंत्रित की गई थी. ई.ओ.आई. में उल्लेखित कार्यों के लिये किसी भी फर्म को क्रय आदेश जारी नहीं किया गया. अतः जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदान किए गए कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) की जानकारी निरंक है. इस हेतु भुगतान की जानकारी निरंक एवं भुगतान हेतु शेष राशि की जानकारी भी निरंक है. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में जिलेवार जानकारी निरंक है. इस संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थी जो ई.ओ.आई. की प्रक्रिया एवं इम्पेनलमेन्ट के संबंध में है. प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर दिया गया. जी हां. समिति की अनुशंसा निम्नानुससार है :–

(1) मंत्रिपरिषद् के आदेश दिनांक 14 जुलाई, 2020 को समाप्त किये जाने के संबंध में अनुशंसा की जाती है.

(2) रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) दिनांक 19.06.2020 को निरस्त करने की अनुशंसा की जाती है.

मंत्रिपरिषद् के निर्णय के आधार पर ई.ओ.आई. निरस्त किये गये. ई.ओ.आई. निरस्त किये गये. अतः कार्यवाही किये जाने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता.

† परिशिष्ट "सात"

जिला बस्तर में वृक्षारोपण

22. (*क्र. 268) **श्री बघेल लखेश्वर**: क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बस्तर में वर्ष 2018 से 30.11.2020 तक किन-किन बीट क्षेत्र में कौन से पौधे, कितनी संख्या में लगाये गये ? (ख) प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में उक्त कार्य में कितनी-कितनी राशि का व्यय हुआ ? मदवार जानकारी देवें ? (ग) लगाये गये पौधों में कितने जीवित व कितने मृत हो गये ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) से (ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है.

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड हेतु प्रावधानित राशि

23. (*क्र. 40) **श्री चंदन कश्यप** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के बजट में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड हेतु कितनी राशि प्रावधानित की गई थी ? वर्षवार जानकारी देवें ? (ख) कंडिका "क" अनुसार प्रावधानित/स्वीकृत बजट राशि के विरूद्ध कितनी राशि, कब-कब वित्त विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड को जारी की गई?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) वर्ष 2019-20 में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के लिए कुल राशि रु. 1577.53 लाख का बजट प्रावधान किया गया था एवं वर्ष 2020-21 में कुल राशि रु. 1330.13 लाख का बजट प्रावधान है. वर्षवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) कंडिका "क" अनुसार वर्ष 2019-20 में प्रावधानित/स्वीकृत बजट के विरूद्ध वित्त विभाग द्वारा जारी की गई राशि † संलग्न प्रपत्र "ब" एवं वर्ष 2020-21 में जारी राशि की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" के अनुसार है.

सरगुजा जिले अंतर्गत जामवंत परियोजना के तहत आवंटित एवं व्यय राशि

24. (*क्र. 416) **डॉ. प्रीतम राम** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरगुजा जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रवार किन-किन वन मण्डलों में जामवंत परियोजना लागू की गई है तथा उक्त परियोजना में विगत 03 वर्षों में अब तक वित्तीय वर्षवार कुल कितनी राशि का आवंटन प्राप्त हुआ तथा उक्त राशि कहां-कहां पर किन-किन कार्यों के लिए वहन किए गए विवरण देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" के अनुसार चिन्हांकित वन मण्डल में भालूओं की सुरक्षा के लिए क्या-क्या उपाय किए गए ? वन मण्डल क्षेत्र अनुसार जनवरी, 2018 से वर्तमान अवधि तक कुल कितने भालूओं की मौत अवैध शिकार, दुर्घटना तथा अन्य कारणों से हुई ? भालुओं के अवैध शिकार, दुर्घटना तथा मौत से हुई घटनाओं के लिए विभाग द्वारा किन-किन आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया ? क्या प्रश्न अवधि में भालू के हमले से क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई जनहानि हुई है ? यदि हां, तो विभाग द्वारा इस संबंध में कितने प्रभावितों के लिए मुआवजा तथा अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) सरगुजा जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों के किसी भी वनमंडल में विगत 03 वर्षों में जामवंत परियोजना से संबंधित न कोई कार्य स्वीकृत हुआ और न ही कोई आवंटन प्राप्त हुआ है. अतः जानकारी निरंक है. (ख) चिन्हांकित वनमंडलों में भालूओं के सुरक्षा हेतु नियमानुसार वन कर्मियों द्वारा गस्ती किया जाता है. जनवरी 2018 से वर्तमान अवधि तक सरगुजा वनमंडल में भालूओं की मौत का 02 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है. एक भालू की मृत्यु प्राकृतिक कारण से उसकी आयु अधिक होने के कारण हुआ तथा अन्य भालू की मृत्यु दुर्घटना से घुटरापारा बांध के पानी में डूबने से हुआ है. अतः कोई अपराधी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करने की आवश्यकता नहीं हुई है. प्रश्नाधीन अवधि में सरगुजा वनमंडल में भालू के हमले से 01 जनहानि हुई है, जिसमें मृतक के परिवार को विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि 6,00,000/- रुपये प्रदान किया गया है.

भारत नेट परियोजना के अंतर्गत टाटा प्रोजेक्ट लिमि. से किया गया अनुबंध

25. (*क्र. 277) **श्री अरूण वोरा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में भारत नेट परियोजना के अंतर्गत टाटा प्रोजेक्ट लिमि. को राज्य के कुल कितने ग्राम पंचायतों में आप्टीकल फायबर से जोड़ने हेतु अनुबंध कब किया गया ? इसकी नियम शर्तें क्या है ? यह कार्य पूर्ण होने की अवधि कब तक है ? वर्तमान में कितने ग्राम पंचायतों को आप्टीकल फायबर से जोड़ने का कार्य पूर्ण हुआ

है ? (ख) टाटा प्रोजेक्ट लिमि. को इस कार्य के लिए कुल कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ? वर्तमान में कुल कितना भुगतान किया गया हैं ? कार्य समय पर पूर्ण ना होने के कारण टाटा प्रोजेक्ट पर कुल कितनी राशि पेनाल्टी के रूप में वसूल की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) दिनांक 18.07.2020 को अनुबंध किया गया. नियम शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. कार्य पूर्ण होने की अवधि दिनांक 17.07.2019 थी, जिसमें दिनांक 17.12.2020 तक वृद्धि की गई. दिनांक 03.12.2020 की स्थिति में 2060 ग्राम पंचायतों को जोड़ने का कार्य पूर्ण हो चुका है. (ख) भारत सरकार की राशि रुपये 2464.14 करोड़ एवं राज्य शासन की राशि रु. 112.82 करोड़ का प्रावधान किया गया था. दिनांक 07.12.2020 तक राशि रु. 552.20 करोड़ भुगतान किया गया है. पेनाल्टी की राशि वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला रायपुर में क्रेडा द्वारा संचालित योजनाएं

1. (क्र. 2) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में वर्ष 2019-20 से प्रश्नावधि तक क्रेडा द्वारा कितनी योजना संचालित है एवं कितने यूनिट तथा संयंत्र स्थापित किये गये हैं ? (ख) स्थापित यूनिट एवं संयंत्र में कितने चालू एवं कितने बंद है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) रायपुर जिले में वर्ष 2019-20 से प्रश्नावधि तक क्रेडा द्वारा 10 योजना संचालित है एवं इन योजनाओं में कुल 308 संयंत्र स्थापित किये गये हैं. जानकारी नीचे तालिका में दर्शित है.

क्र.	क्रेडा द्वारा संचालित योजनाएं		स्थापित संयंत्रों की संख्या	चालू संयंत्रों की संख्या	बंद संयंत्रों की संख्या
(1)	(2)		(3)	(4)	(5)
1.	पेयजल आपुर्ति हेतु सौर संयंत्र की स्थापना	सोलर ड्यूप पंप	82	81	1
		जल शुद्धिकरण संयंत्र	1	1	0
2.	ऑनग्रिड सौर संयंत्र की स्थापना		2	2	0
3.	ऑफग्रिड सौर संयंत्र की स्थापना		4	4	0
4.	रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाईमास्ट संयंत्र स्थापना		6	6	0
5.	पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु स्टैंड एलोन सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना		4	4	0
6.	सौर सुजला योजना		183	182	1
7.	सोलर पंप स्थापना		3	3	0
8.	सौर गर्म जल संयंत्र स्थापना		4	4	0
9.	सोलर कोल्ड स्टोरेज स्थापना		1	1	0
10.	राष्ट्रीय बायोगैस एवं खाद प्रबंधन कार्यक्रम		18	18	0
		कुल	**308**	**306**	**2**

(ख) उत्तरांश "क" के अनुसार स्थापित 308 संयंत्र में से 306 संयंत्र चालू एवं 02 संयंत्र बंद है.

जिला राजनांदगांव में कृषि पम्पों का उर्जीकरण

2. (क्र. 21) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2018-19 से प्रश्नावधि तक छ.ग. राज्य पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव जिले में कृषि पम्प ऊर्जीकरण हेतु कृषकों के कितने प्रकरणों पर प्रोसेसिंग शुल्क लिया गया ? (ख) प्राप्त प्रकरण में कितने कृषकों को मांग पत्र जारी किया गया एवं कितने कृषकों के प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने के बाद भी मांग पत्र जारी नहीं किया गया है ? (ग) मांग पत्र लंबित आवेदनों में विलंब की स्थिति हेतु कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं ? वितरण केन्द्रवार, कृषकवार, वर्षवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) राजनांदगांव जिला में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में (वर्ष 2018-19 से दिनांक 30-11-2020 तक) में कुल 15,635 नग कृषि पंप कनेक्शन के आवेदनों पर प्रोसेसिंग शुल्क लिया गया है. (ख) उत्तरांश "क" में उल्लेखित 15,635 प्रकरणों में से 12,585 कृषकों को मांग पत्र जारी किया गया एवं 3,050 कृषकों के प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने के बाद भी मांग पत्र जारी नहीं किया गया है. (ग) प्रश्नांकित अवधि में 2192 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त किया गया है एवं शेष 858 आवेदन विभिन्न चरणों में स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन है. कोविड-19 महामारी में सुरक्षा हेतु जारी दिशा निर्देशों के कारण सर्वे, प्राक्कलन आदि का कार्य प्रभावित रहा एवं लंबित प्रकरणों में सतत कार्यवाही की जा रही है. अतः प्रकरण लंबित हेतु कोई भी अधिकारी जिम्मेदार नहीं है. अतः वितरण केन्द्रवार, कृषकवार एवं वर्षवार जानकारी का प्रश्न उद्भूत नहीं होता है.

जिला राजनांदगांव में खनिज न्यास संस्थान द्वारा एडवेंचर स्पोर्टस की स्वीकृति

3. (क्र. 22) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक क्या राजनांदगांव जिले में खनिज न्यास संस्थान द्वारा साहसिक क्रीडा (एडवेंचर स्पोर्टस) की स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) यदि हां तो किन कार्यों हेतु कितनी राशि की स्वीकृति की गई है ? किस एजेंसी द्वारा प्राक्कलन तैयार कर किन-किन एजेंसियों को राशि प्रदान की गई ? (ग) उक्त निर्माण व सामग्री हेतु निविदा कब आमंत्रित की गयी ? कार्य एजेंसियों को कब कार्यादेश जारी हुआ ? (घ) निर्माण व स्पोर्टस गतिविधियों हेतु सामग्रीयों को खरीदने का क्या मापदंड निर्धारित था ? कार्य के मूल्यांकन व सत्यापन सहित भुगतान की राशिवार, एजेंसीवार देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जी हां. (ख) एवं (ग) साहसिक क्रीडा (एडवेंचर स्पोर्टस) हेतु स्वीकृत कार्यों, राशि, प्राक्कलन तैयार किये गये एजेंसी का नाम, कार्य एजेंसी का नाम, कार्य एजेंसी, निविदा आमंत्रण तिथि, कार्यादेश जारी दिनांक की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कॉलम 1 से 7 में दर्शित है. (घ) छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम, 2002 के मापदंडों के अनुसार निर्माण व स्पोर्टस गतिविधियों हेतु सामग्रियों का मूल्यांकन/सत्यापन संबंधित विभाग द्वारा किया जाकर कार्य एजेंसी को राशि भुगतान की गई है. मूल्यांकनकर्ता व सत्यापनकर्ता एजेंसी का नाम एवं कार्य एजेंसी को भुगतान की गई राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कॉलम 8 एवं 9 में दर्शित है.

विधान सभा जैजैपुर में DMF मद से स्वीकृत कार्य

4. (क्र. 30) **श्री केशव प्रसाद चंद्रा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र जैजैपुर में जिला खनिज न्यास संस्थान (DMF) मद से वर्ष 2019 एवं 2020 में 30 नवम्बर, 2020 तक कहां-कहां हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन, हाईस्कूल भवन, छात्रावास, आश्रम, स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है ? स्थान के नाम, स्वीकृति दिनांक एवं राशि सहित बतायें ? (ख) प्रश्नांक "क" के उत्तर में निर्माण एजेंसी किस-किस को बनाया गया एवं निविदा पश्चात् कितने जिलों में ठेकेदार को दी गई, कार्यवार ठेकेदार/एजेंसी के नाम सहित बतायें ? (ग) क्या उपरोक्त भवन निर्माण में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ? कार्यवार, शिकायतवार बतावें ? (घ) उपरोक्त कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है, कितना भुगतान किया गया है एवं कितना शेष है ? कार्यवार बतायें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) विधान सभा क्षेत्र जैजैपुर में जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) मद से वर्ष 2019 एवं 2020 में 30 नवम्बर, 2020 तक हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन, हाईस्कूल भवन, छात्रावास, आश्रम, स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु कोई स्वीकृति नहीं दी गई है. अतः शेष जानकारी निरंक है. (ख) से (घ) प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में जानकारी निरंक है.

जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य

5. (क्र. 31) **श्री केशव प्रसाद चन्द्रा** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ.ग. प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला जांजगीर चांपा में कितने घर तक नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित है ? (ख) प्रश्नांश "क" के तहत तक जिला जांजगीर चांपा एवं प्रदेश के अन्य जिलों में दिनांक 31-10-2020 तक कितना-कितना नल कनेक्शन दिया गया है ? जिलावार बतायें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में प्रदेश में 20 लाख 61 हजार 834 एवं जिला जांजगीर-चांपा में 2 लाख 9 हजार 921 कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित है. (ख) प्रश्नांश "क" के तहत् जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जांजगीर-चांपा एवं प्रदेश के अन्य जिलों में दिनांक 31-10-2020 तक दिये गये कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) की संख्या निरंक है. अतः जिलेवार जानकारी बताये जाने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता.

नारायणपुर विधानसभा के वन परिक्षेत्रों में विभिन्न कार्यों हेतु आबंटित एवं व्यय राशि

6. (क्र. 41) **श्री चंदन कश्यप** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में दिनांक 20-11-2020 की स्थिति तक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर, कोण्डागांव एवं बस्तर जिले के वनमण्डलों तथा वन परिक्षेत्रों में शासन द्वारा कितनी-कितनी राशि, किन-किन कार्यों के लिए कहां-कहां व्यय की गई है ? वर्षवार, वन परिक्षेत्रवार जानकारी देवें.

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है.

---

† परिशिष्ट "नौ"

बिलासपुर वन मण्डल को विकास कार्यों हेतु आबंटित राशि

7. (क्र. 45) **श्री शैलेश पाण्डे** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले में 1 जनवरी, 2020 से 30 नवम्बर, 2020 तक बिलासपुर वन मण्डल को विकास कार्यों के लिए कितनी राशि आबंटित हुई ? कितने कार्यों के टेण्डर हुए, कितने कार्य निष्पादित हुए, किस-किस संस्था को कितना-कितना भुगतान हुआ ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : बिलासपुर जिले में 1 जनवरी 2020 से 30 नवम्बर 2020 तक बिलासपुर वनमंडल को विकास कार्यों हेतु रु. 52,18,03,786 आबंटित हुए हैं. टेण्डर किए गए कार्य, निष्पादित कार्य, संस्था का नाम तथा उनको भुगतान की राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

जिला बिलासपुर में खनिज खनन की प्रदत्त अनुमति

8. (क्र. 46) **श्री शैलेश पाण्डे** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में कितने प्रकार के खनिज को खनन करने की शासन ने अनुमति किन-किन संस्थाओं को कहां-कहां दी है ? (ख) 1 अप्रैल, 2020 से 30 नवम्बर, 2020 तक शासन को खनिज मद में कितनी रायल्टी प्राप्त हुई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) बिलासपुर जिले में संचालित खनिज डोलोमाईट, चूनापत्थर, साधारण पत्थर, क्वार्टजाईट, मिट्टी (ईट निर्माण हेतु) एवं रेत खनन करने हेतु अनुमति दी गई है. विस्तृत जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) 1 अप्रैल, 2020 से 30 नवम्बर, 2020 तक शासन को खनिज मद में राशि रुपये 13.82 करोड़ रॉयल्टी प्राप्त हुई है.

रायपुर जिले में मुरूम परिवहन की प्रदत्त अनुमति

9. (क्र. 73) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर जिले में वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 में किस-किस तहसील के किन-किन ग्रामों में कितनी-कितनी मात्रा में मुरूम परिवहन की अनुमति खनिज विभाग द्वारा दी गई ? कृपया जानकारी देवें ? उक्त स्वीकृतियों में से निजी भूमि खेत समतलीकरण खेतों एवं शासकीय तालाबों की अलग-अलग जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : रायपुर जिले में प्रश्नाधीन अवधि में निजी भूमि खेत समतलीकरण एवं शासकीय तालाब गहरीकरण से प्राप्त मुरूम खनिज के परिवहन की दी गई अनुमति की ग्राम एवं मात्रावार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक एवं दो में दर्शित है.

नया रायपुर प्राधिकरण द्वारा कृषकों को अधिग्रहित भूमि के मुआवजा एवं अतिरिक्त पैकेज की राशि का प्रदाय

10. (क्र. 74) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नया रायपुर प्राधिकरण द्वारा ग्रामों के कृषकों से ली गई भूमि के लिए मुआवजा के अतिरिक्त प्रतिवर्ष दी जाने वाली पैकेज की राशि का भुगतान किस-किस वर्ष में कितना-कितना किया गया है ? कृपया ग्रामवार जानकारी देवें ? (ख) जिन वर्षों में पैकेज की राशि नहीं दी गई है ? वह किस कारणों से नहीं दी गई है ? किसानों को पैकेज की बकाया राशि कब तक प्रदान की जावेगी ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी परिशिष्ट पर ‡ संलग्न है. (ख) प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जिला जांजगीर-चांपा में ट्रान्सफार्मर क्रय

11. (क्र. 85) **श्री नारायण चंदेल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले में कुल कितने विद्युत वितरण सब स्टेशन हैं ? प्रदेश में जनवरी 2018 से 25 नवम्बर 2020 तक कुल कितने विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर किस-किस क्षमता के क्रय (खरीदी) किये गये हैं ? क्षमतावार ट्रांसफार्मर की संख्या बतायें ? (ख) प्रश्न "क" के संदर्भ में उक्त ट्रांसफार्मर का क्रय किस एजेंसी के

† परिशिष्ट "दस" †† परिशिष्ट "ग्यारह" ‡ परिशिष्ट "बारह"

द्वारा, कब-कब किया गया ? (ग) जांजगीर-चांपा जिले में जनवरी 2018 से 25 नवम्बर 2020 तक विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने तथा नये ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए ? कौन-कौन ग्रामों में कितनी-कितनी क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाये गये तथा कौन-कौन ग्राम शेष हैं ? (घ) प्रश्नांश "क" व "ख" के संदर्भ में क्या जो विद्युत ट्रांसफार्मर विभाग द्वारा खरीदे गये हैं उसमें गुणवत्ताविहीन एवं नियम विरूद्ध ट्रांसफार्मर की खरीदी की गई है ? यदि हां तो इस पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जांजगीर-चांपा जिले में दिनांक 25 नवम्बर 2020 तक कुल 11/0.4 के.व्ही. के 9,679 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित है. प्रश्नाधीन अवधि में प्रदेश स्तर पर 11/0.4 के.व्ही. के कुल 23,468 वितरण ट्रांसफार्मर क्रय किये गये हैं. क्रय किये गये ट्रांसफार्मर की क्षमतावार संख्या निम्नानुसार है :–

क्षमता (1)	25 के.व्ही.ए. (2)	63 के.व्ही.ए. (3)	100 के.व्ही.ए. (4)	200 के.व्ही.ए. (5)	315 के.व्ही.ए. (6)	1000 के.व्ही.ए. (7)
संख्या	12,354	6,271	4,330	496	16	01

(ख) उत्तरांश "क" के संदर्भ में क्रय ट्रांसफार्मर का दिनांकवार क्रय आदेश एवं एजेंसीवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ग) प्रश्नाधीन अवधि तक जांजगीर-चांपा जिले में वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए प्राप्त 59 आवेदनों में 130 नग ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि तथा नये वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए प्राप्त 30 आवेदनों में 57 नग नये ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग की गई थी. ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि हेतु प्राप्त आवेदनों में 130 नग वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने हेतु प्राक्कलन स्वीकृत किया गया जिसमें से 114 नग ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा चुकी है एवं 16 नग का कार्यादेश जारी किया जा चुका है. नया विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर लगाने हेतु प्राप्त आवेदनों में 57 नग ट्रांसफार्मर लगाने के प्राक्कलन स्वीकृत किये गये हैं. जिसमें से 51 नग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शेष 6 नग हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है. वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के पूर्ण कार्यों एवं शेष कार्यों की ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" एवं प्रपत्र "स" में दर्शित है. नये वितरण ट्रांसफार्मर लगाने के पूर्ण कार्यों एवं शेष कार्यों की ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "द" एवं प्रपत्र "इ" में दर्शित है. (घ) जी नहीं. उत्तरांश "क" व "ख" के परिप्रेक्ष्य में गुणवत्ताविहीन एवं नियम विरूद्ध ट्रांसफार्मर की खरीदी नहीं की गई है. अतः कार्यवाही का प्रश्न उद्भूत नहीं होता.

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ के संचालक मण्डल की आयोजित बैठक

12. (क्र. 86) **श्री नारायण चंदेल** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2016-17 से निर्वाचित अवधि से 30-11-2020 तक छ.ग. राज्य हाथकरघा संघ के संचालक मण्डल की बैठक एवं आम सभा कब-कब, कहां-कहां हुई है ? (ख) प्रश्न "क" के संदर्भ में उक्त कमेटी के संचालक मण्डल की बैठक एवं आम सभा किये जाने का नियमों में क्या प्रावधान है ? (ग) उक्त संस्था की संचालक मण्डल की बैठक संस्थाओं के नियमों के तहत नहीं किये जाने हेतु कौन-कौन दोषी है ? दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? (घ) क्या उक्त संस्था के कुछ संचालक सदस्यों का निर्वाचन नियमों के विरूद्ध हुआ है तथा उक्त सदस्यों द्वारा दौरे का फर्जी बिल लिये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हां तो किन-किन के विरूद्ध कब-कब, क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) प्रश्नधीन अवधि में छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित के संचालक मंडल की बैठक तथा आम सभा की तिथिवार एवं स्थानवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट के अनुसार है. (ख) प्रश्नांश "क" के संदर्भ में छ.ग. राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के संचालक मंडल की बैठक उपविधि के नियम 30.1 के तहत कभी भी आवश्यकतानुसार बुलाये जाने तथा 03 माह में कम से कम 01 बार अवश्य बुलाये जाने का प्रावधान है. उसी प्रकार संघ के वार्षिक आम सभा उपविधि के नियम 23.4 के अनुसार साधारण सभा की बैठक प्रति वर्ष सहकारी वर्ष की समाप्ति की तारीख से कम से कम 03 माह पूर्व बुलाये जाने का प्रावधान है. (ग) छ.ग. राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर का संचालक मंडल की बैठक वैश्विक महामारी कोविड-19 संक्रमण के कारण आयोजित नहीं की गई है. आगामी बैठक दिनांक 29-12-2020 को प्रस्तावित है. (घ) छ.ग. राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा छ.ग. सोसायटी अधिनियम के तहत कराया जाता है. राज्य हाथकरघा संघ के संचालक सदस्य के विरूद्ध यात्रा भत्ता में आर्थिक अनियमितता के संबंध में एवं संचालक मंडल की सदस्यता समाप्त करने हेतु पंजीयक सहकारी संस्थाएं को शिकायत की गई है, जिसकी प्रतिलिपि हाथकरघा संघ को प्राप्त हुई है. पंजीयक सहकारी संस्थाओं द्वारा शिकायत बाबत् निर्णय होने के पश्चात् आगामी कार्यवाही संभव होगी.

† परिशिष्ट "तेरह" †† परिशिष्ट "चौदह"

प्रदेश में स्थापित 33/11 के.व्ही. ट्रांसफार्मरों की संख्या

13. (क्र. 90) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में सीएसपीडीसीएल के 33/11 केवी के कुल कितने ट्रांसफार्मर लगे हैं ? (ख) इनमें से पिछले 6 वर्षों में कितने ट्रांसफार्मर फेल हुए ? इसके क्या कारण हैं ? क्या इसके लिए कोई जवाबदेह है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) राज्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के 33/11 के.व्ही. के 2,079 नग ट्रांसफार्मर स्थापित है. इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्रों में 33/11 के.व्ही. के 12 नग ट्रांसफार्मर स्थापित है. (ख) इनमें से पिछले 06 वर्षों में 191 नग ट्रांसफार्मर फेल हुए है. उपरोक्त ट्रांसफार्मरों के फेल होने का मुख्य कारण आंतरिक तकनीकी खराबी एवं विद्युत लाइनों पर आकाशीय बिजली का आघात है. इसके लिए कोई भी जवाबदेह नहीं है, फेल ट्रांसफार्मरों को बदलना एक निरंतर प्रक्रिया है.

बस्तर संभाग के वनवृत्तों में कैम्पा योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि एवं कार्य

14. (क्र. 108) **श्री मोहन मरकाम** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर संभाग के वनवृत्तों के अन्तर्गत वन मण्डलों में कैम्पा योजना से वित्तीय वर्ष 2018-19, 19-20 व 20-21 में 30 नवम्बर, 2020 तक विभिन्न कार्यों हेतु कितनी राशि उपलब्ध कराई गई ? वनमण्डलवार जानकारी देवें. (ख) कांकेर वन वृत्त के वन मण्डल अन्तर्गत वर्षवार स्वीकृत कार्य का विवरण देवें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) बस्तर संभाग के वनवृत्तों के अंतर्गत वन मण्डलों में कैम्पा योजना से वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 व 2020-21 में 30 नवम्बर 2020 तक विभिन्न कार्यों हेतु वनमण्डलवार उपलब्ध कराई गई राशि की जानकारी पुस्तकालय में रखे "परिशिष्ट-01" में दर्शित है. (ख) कांकेर वन वृत्त के वनमण्डल अन्तर्गत वर्षवार स्वीकृत कार्य की जानकारी पुस्तकालय में रखे "परिशिष्ट-02" में दर्शित है.

मड़वा ताप विद्युत राखड़ बांध में संचालित होने वाले कार्यों हेतु पर्यावरण स्वीकृति

15. (क्र. 135) **श्री सौरभ सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले में संचालित अटल बिहारी वाजपेयी मड़वा ताप विद्युत परियोजना के अंतर्गत बलौदा तहसील में स्थापित राखड़ बांध में किस-किस एजेन्सी को कितनी लागत से क्या-क्या काम वर्ष 2019 और 2020 में दिनांक 25-11-2020 तक दिया गया है ? (ख) उपरोक्त कार्यों के लिए अनुमति कब-कब पर्यावरण विभाग से किन-किस शर्तों के तहत प्राप्त हुई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जांजगीर-चाम्पा जिले में संचालित अटल बिहारी वाजपेयी मड़वा ताप विद्युत परियोजना के अंतर्गत बलौदा तहसील में स्थापित राखड़ बांध हेतु वर्ष 2019 एवं 2020 में दिनांक 25-11-2020 तक आदेशित किए गए कार्य, एजेन्सी एवं लागत से संबंधित विवरण क्रमशः प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" में † संलग्न है. (ख) जांजगीर-चाम्पा जिले में 2×500 मेगावाट क्षमता के अटल बिहारी वाजपेयी मड़वा ताप विद्युत परियोजना की स्थापन हेतु भारत सरकार, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से दिनांक 05-02-2008 एवं दिनांक 31-05-2016 को स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें राखड़ बांध के निर्माण का कार्य सम्मिलित है. उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति में राखड़ बांध के चारों ओर हरित पट्टिका (ग्रीनबेल्ट) के विकास की शर्त रखी गई है.

प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का अध्ययन

16. (क्र. 163) **श्री अजय चन्द्राकर** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 जनवरी, 2019 से अब तक ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन से छत्तीसगढ़ में होने वाले प्रभाव के लिए शासन ने क्या कोई अध्ययन करवाया है ? यदि हां तो कब कौन सी संस्था द्वारा और उसकी रिपोर्ट क्या है ? (ख) क्या 01 जनवरी, 2019 से अब तक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रश्नांक "क" के विषय में छत्तीसगढ़ में पड़ने वाले प्रभाव के लिए कोई नीति बनाई है, और 2020-2021 के बजट में उसके लिए क्या कोई व्यवस्था की है ? (ग) "हरियाली प्रसार वाहन" परियोजना कब से लागू किया गया है ? इसके अंतर्गत अब तक राज्य के कितने घरों में कितने पौधे वितरित किये गये एवं कितनी लागत आयी, और किस मद से व्यय किया गया ? वर्तमान में यह परियोजना चालू है या बंद हो चुकी है ?

---

† परिशिष्ट "पन्द्रह"

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केन्द्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2020-2021 में GIZ नई दिल्ली के सहयोग से राज्य के समस्त जिलों में जलवायु परिवर्तन जोखिमग्रस्तता (Vulnerability Assessment) का अध्ययन कराया गया है. अध्ययन प्रतिवेदन सारांश संलग्नक 01 पर संलग्न है. विस्तृत Report जो अंग्रेजी में है. "पुस्तकालय में रखी" है. (ख) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा निर्देश के अनुसार जलवायु परिवर्तन पर राज्य की कार्य योजना (State Action Plan on Climate Change) 2014 के पुनरीक्षण का कार्य GIZ नई दिल्ली के सहयोग से कराया जा रहा है. छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के वर्ष 2020-2021 के बजट में (7732) जलवायु परिवर्तन पर राज्य की कार्य योजना (State Action Plan on Climate Change) योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केन्द्र को वर्ष 2020-21 में राशि रु. 100.00 लाख का प्रावधान किया गया है, जिसमें 50 प्रतिशत राज्यांश एवं 50 प्रतिशत केंद्रांश के रूप में प्रावधानित है. (ग) "हरियाली प्रसार वाहन" परियोजना लागू नहीं किया गया है. अतः जानकारी निरंक समझी जाये.

धमतरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उर्जा लोड वृद्धि हेतु सब स्टेशन तथा ए.टी.पी. मशीन की मांग/स्वीकृति

17. (क्र. 188) **श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या धमतरी विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत भविष्य में होने वाले लोड वृद्धि के अनुरूप 132/33, 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन सहित ए.टी.पी. मशीन की मांग छत्तीसगढ़ राज्य पावर वितरण कंपनी रायपुर को प्राप्त हुई है ? यदि हां तो कब तक स्वीकृति प्रदान की जावेगी ? (ख) धमतरी जिले में वर्ष 2020-21 के लिए सिंचाई पंप हेतु स्थाई कनेक्शन देने के लिए कितने प्रकरण प्राप्त हुए एवं कितने को स्थाई पंप कनेक्शन प्रदाय किया गया ? शेष किसानों को कब तक स्थाई कनेक्शन प्रदान कर दिया जायेगा ? क्या जिन किसानों ने डिमांड राशि जमा कर दी है उनको विद्युत कनेक्शन दिया जा चुका है ? यदि नहीं तो कारण बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जी हां. धमतरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भविष्य में होने वाले लोड वृद्धि के अनुरूप ग्राम अर्जुनी (धमतरी) में अति उच्चदाब के 132/33 के.व्ही. सब स्टेशन के निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है. छत्तीसगढ़ पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा उक्त प्रस्ताव को बिजनेस प्लान 2021-26 में सम्मिलित करने की प्रक्रिया की जा रही है. इसी प्रकार धमतरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोरिद एवं दोनर में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र निर्माण हेतु प्रस्ताव मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना वर्ष 2020-22 में प्रस्तावित किया गया है, योजना की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है. वर्तमान में राजस्व संग्रहण के एटीपी से बेहतर विभिन्न डिजिटल माध्यम यथा मोर बिजली एप, पेटीएम., एनईएफटी तथा कॉमन सर्विस सेंटर सहित अन्य सुविधा होने के कारण एटीपी की उपयोगिता कम हो गई है. अतः वर्तमान में धमतरी विधानसभा क्षेत्र में एटीपी लगाने का कार्य विचाराधीन नहीं है. (ख) धमतरी जिले में वर्ष 2020-2021 में दिनांक 30-11-2020 तक स्थायी कृषि पम्प हेतु प्राप्त आवेदन, जारी किये गये विद्युत कनेक्शन एवं लंबित आवेदनों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. वित्तीय संसाधन की उपलब्धता अनुसार आबंटित लक्ष्य की सीमा में पंपों के ऊर्जीकरण के कार्य किये गये हैं. अतः डिमाण्ड राशि जमा किये गए समस्त कृषकों को स्थायी कनेक्शन प्रदान नहीं किया जा सका है. आगामी वित्तीय वर्ष 2021-22 में शेष लंबित पंपों के कार्य पूर्ण किये जाने के प्रयास हैं.

विद्युत मंडल को कृषकों से सिंचाई पंपों हेतु प्राप्त आवेदन

18. (क्र. 192) **श्री शिवरतन शर्मा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सत्र 2019-20 तथा सत्र 2020-21 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल को किस-किस विद्युत संभाग में कितने-कितने किसानों से सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन के आवेदन प्राप्त हुए हैं ? (ख) उक्त आवेदनों में किस-किस संभाग में कितने आवेदन स्वीकृत किये गये तथा कितने आवेदनों को अस्वीकृत किया गया तथा कितने लंबित हैं ? (ग) सिंचाई हेतु पंप कनेक्शन हेतु शासन द्वारा किस-किस प्रकार की छुट/सब्सिडि कृषक को दी जाती है ? प्रश्नावधि में कितने किसानों को इसका लाभ मिला है ? (घ) कृषकों को सिंचाई कनेक्शन प्राप्त होने के पश्चात् कौन-कौन सी रियायत (विद्युत बिल में) किस-किस वर्ग अनुसार प्रदान की जाती है तथा उक्त रियायत को देने से शासन को कितनी राशि विद्युत मंडल को भुगतान करना पड़ता है तथा दो वर्षों में कितनी राशि का भुगतान शासन द्वारा विद्युत मंडल को किया गया है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) प्रदेश में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत 64 संभागों को वर्ष 2019-2020 में सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन के 38,714 आवेदन प्राप्त हुये. इसी प्रकार वर्ष 2020-2021 (दिनांक 30-11-2020 की स्थिति में) में 19,877 आवेदन प्राप्त हुये हैं. संभागवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) उत्तरांश "क" के प्राप्त आवेदनों में वर्ष 2019-20 में प्राप्त 38,714 आवेदनों में से 34,207 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं, 4,507 आवेदन निरस्त किये गये. इसी प्रकार वर्ष 2020-21 में प्राप्त 19,877 आवेदनों में से 15,274 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं, 661 आवेदन निरस्त किये गये एवं 3,942 नग पंप आवेदन स्वीकृति हेतु

† परिशिष्ट "सोलह" †† परिशिष्ट "सत्रह"

प्रक्रियाधीन है. संभागवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ग) प्रदेश में कृषकों को सिंचाई पंप कनेक्शन हेतु शासन के कृषि पंप ऊर्जीकरण योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन विस्तार हेतु प्रति कृषक राशि रुपये एक लाख तक की छूट/सब्सिडी प्रदान की जाती है. इसके अतिरिक्त संभाग स्तर में बचत होने पर प्रति कृषक राशि रुपये पचास हजार की अतिरिक्त छूट/सब्सिडी प्रदान की जाती है. साथ ही राज्य के विभिन्न प्राधिकरणों यथा अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ ग्रामीण क्षेत्र विकास प्राधिकरण से अनुदान प्राप्त होने पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा गरीब तबके के कृषकों के असाध्य पंपों का ऊर्जीकरण किया जाता है. प्रश्नावधि में उक्त चारों प्राधिकरण से कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई है. फलस्वरूप असाध्य पंपों का ऊर्जीकरण कार्य नहीं किया गया है. वर्ष 2019-2020 में कृषि पंप ऊर्जीकरण योजना के अंतर्गत विद्युत लाईन विस्तार कार्य हेतु 30,220 कृषि पंप एवं वर्ष 2020-21 में दिनांक 30-11-2020 तक स्थिति में 13,143 कृषि पंप हेतु आवेदक किसानों को लाभ प्रदान किया गया है. संभागवार एवं वर्षवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (घ) कृषकों को सिंचाई कनेक्शन प्रदाय करने के पश्चात् कृषक जीवन ज्योति योजना एवं फ्लैट रेट योजना के अंतर्गत विद्युत देयकों में दिये जाने वाले छूट की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" में दर्शित है. उपरोक्तानुसार विद्युत देयकों में छूट प्रदान करने के लिए राज्य शासन को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को प्रतिमाह औसतन राशि रुपये 201 करोड़ का भुगतान किया जाना है. कृषि के सिंचाई पंप कनेक्शनों को निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को निम्नानुसार राशि का भुगतान किया गया है–

1. वर्ष 2018-2019 – राशि रुपये 1,645.31 करोड़
2. वर्ष 2019-2020 – राशि रुपये 2,646.50 करोड़
3. वर्ष 2020-2021 – राशि रुपये 1,080.00 करोड़ (माह नवंबर 2020 तक)

रायगढ़ जिले वायु प्रदूषणकारी उद्योगों पर कार्यवाही

19. (क्र. 236) **श्री प्रकाश शक्राजीत नायक** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या रायगढ़ जिले में उद्योगों द्वारा "वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981" का परिपालन किया जा रहा है ? यदि नहीं तो वर्ष 2019-20 में किन-किन उद्योगों पर क्या-क्या कार्यवाही की गयी ? (ख) रायगढ़ जिले में कितने प्रदूषण मापक यंत्र लगे हैं ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) वर्ष 2019-20 में 05 उद्योगों में वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की गई है. जिसका विवरण परिशिष्ट पर †† संलग्न है. (ख) रायगढ़ जिले में परिवेशीय वायु गुणवत्ता के मापन हेतु विभिन्न उद्योगों द्वारा 36 नग कंटिन्युअस एम्बियेंट एअर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित एवं संचालित है. उक्त के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा राष्ट्रीय परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन कार्यक्रम के तहत 03 स्थलों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन किया जाता है.

केन्द्र से कैम्पा मद से प्राप्त राशि का व्यय

20. (क्र. 248) **डॉ. रमन सिंह** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 1 दिसम्बर, 2020 की स्थिति में भारत सरकार से कैम्पा मद में प्राप्त राशि 5791 करोड़ जिलेवार किस-किस मद में कितनी-कितनी खर्च की गई ? (ख) कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं कितने अपूर्ण हैं ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जी हां. 1 दिसम्बर 2020 की स्थिति में भारत सरकर एडहॉक कैम्पा नई दिल्ली से छत्तीसगढ़ राज्य कैम्पा को 5791.71 करोड़ राशि प्राप्त हुई है. जिलेवार, मदवार खर्च की गई राशि का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है.

जल-जीवन मिशन अंतर्गत जारी ईओआई को निरस्तीकरण

21. (क्र. 257) **श्री पुन्नूलाल मोहले** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में जारी ईओआई को केबिनेट के द्वारा निरस्त किया गया है ? यदि हां तो क्या कारण थे व किस समिति/अधिकारी की अनुशंसा पर किन-किन अनियमितताओं के कारण ईओआई निरस्त की गई है ? (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार ईओआई के तहत कितने फर्मों को कितने कार्य हेतु क्रय आदेश जारी किया गया था व इन फर्मों के द्वारा कितना कार्य किया गया उनको कितना भुगतान किया गया व कितना भुगतान शेष है ? बिलासपुर संभाग में स्थित जिलों से संबंधित जानकारी देवें ?

† परिशिष्ट "सत्रह" †† परिशिष्ट "अट्ठारह"

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) जी, हां. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा पर. निम्नानुसार कारण से निरस्त की गई :–

1. मंत्रिपरिषद के निर्णय के आधार पर.

(ख) प्रश्नांश "क" अनुसार ई.ओ.आई. के तहत् किसी भी फर्म को कोई भी क्रय आदेश जारी नहीं किया गया. अतः फर्मों के द्वारा कोई कार्य किया जाना, फर्मों को भुगतान किया जाना एवं भुगतान शेष का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में बिलासपुर संभाग में स्थित समस्त जिलों की जानकारी निरंक है.

बिलासपुर संभाग में कैम्पा योजना अंतर्गत भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की शिकायतों पर कार्यवाही

22. (क्र. 258) **श्री पुन्नूलाल मोहले** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि बिलासपुर संभाग अंतर्गत जिलों में कैम्पा योजना अंतर्गत पिछले व इस वित्तीय वर्ष में प्रश्न दिनांक तक विभिन्न कार्यों हेतु राशि उपलब्ध करायी गई ? यदि हां तो कुल कितनी राशि किन कार्यों हेतु उपलब्ध कराई गई है ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार कितने कार्य पूर्ण कितने अपूर्ण व कितने अप्रारम्भ हैं ? कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण नहीं हुए हैं ? (ग) प्रश्नांश "क" अनुसार कार्यों में किन-किन कार्यों को लेकर अनियमितता/भ्रष्टाचार के संबंध शिकायत/जानकारी प्राप्त हुई है व उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? क्या कटघोरा वनमंडल में निर्मित स्टापडेम के निर्माण में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जी हां. यह सही है कि बिलासपुर संभाग अंतर्गत जिलों के बिलासपुर वन वृत्त बिलासपुर अधिनस्थ वनमंडलों में कैम्पा योजना अंतर्गत पिछले व इस वित्तीय वर्ष में प्रश्न दिनांक तक विभिन्न कार्यों हेतु राशि उपलब्ध करायी गयी है. जिसकी विस्तृत जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-01 में दर्शित है. (ख) प्रश्नांश "ख" की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-01 में दर्शित है. स्वीकृत कार्य निर्धारित समय-सीमा पर पूर्ण कर लिया जावेगा. (ग) प्रश्नांश "ग" की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-02 में दर्शित है.

बस्तर संभागान्तर्गत पेयजल विहीन क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था

23. (क्र. 269) **श्री बघेल लखेश्वर** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर संभागान्तर्गत ऐसे कितने ग्राम, पारा-टोला है जहां पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है. (ख) प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में पेयजल व्यवस्था सुलभ कराने राज्य शासन के द्वारा क्या प्रयास किये जाने रहे हैं ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) बस्तर संभागान्तर्गत जिला बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोण्डागांव, कांकेर व नारायणपुर में ऐसे कोई ग्राम, पारा-टोला नहीं है जहां पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है. (ख) प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है.

जिला बेमेतरा में आवर्धन जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन

24. (क्र. 273) **श्री आशीष कुमार छाबड़ा** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या बेमेतरा में मीठे पानी हेतु लागू की गई आवर्धन जल प्रदाय योजना अंतर्गत मीठा पानी नगर पालिका बेमेतरा क्षेत्र के सभी वार्डों में शत-प्रतिशत प्रदाय किया जा रहा है ? (ख) प्रश्नांश "क" अंतर्गत लागू की गई योजना निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो गई हो तो जानकारी देवें ? (ग) प्रश्नांश "क" अंतर्गत योजना पूर्ण नहीं हुई है तो इस योजना के पूर्ण किये जाने हेतु रिवाईज की गई योजना हो तो जानकारी देवें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) जी नहीं. बेमेतरा जल आवर्धन योजना से नगर के 21 वार्डों में से 12 वार्डों में दिनांक 04-08-2017 से दिनांक 28-11-2020 तक जल प्रदाय किया गया. लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड चौड़ीकरण करते समय योजना की क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं जल वितरण पाईप लाईन क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण दिनांक 29-11-2020 से नगर के किसी भी वार्ड में योजना से जल प्रदाय नहीं किया जा रहा है. (ख) जी नहीं. (ग) योजना को पूर्ण किये जाने हेतु बेमेतरा आवर्धन जलप्रदाय योजना की पुनरीक्षित योजना की स्वीकृति दिनांक 08-03-2019 से प्रदान की गई है.

प्रदेश में रेत खदानों से प्राप्त राजस्व

25. (क्र. 278) **श्री अरूण वोरा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कुल कितनी रेत खदानें हैं ? जिलेवार जानकारी दें ? (ख) इन रेत खदानों से वर्ष 2018-19 एवं 19-20 में 30 नवम्बर 2020 तक कितनी राशि रायल्टी के रूप में शासन को प्राप्त हुई ? जिलेवार जानकारी दें ? (ग) प्रदेश में बिना रायल्टी के रेत का अवैध खनन किए जाने के कितने मामले दर्ज किए गए तथा इन पर क्या-क्या कार्यवाही कब-कब की गई है ? जिलेवार जानकारी दें ? (घ) राज्य में रेत की दरों के निर्धारण हेतु शासन द्वारा क्या प्रक्रिया है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) प्रदेश में कुल 248 रेत खदानें स्वीकृत है. जिलेवार संचालित रेत खदानों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक के कॉलम "3" पर दर्शित है. (ख) प्रश्नांश "क" के रेत खदानों में उत्पादन अक्टूबर 2019 से प्रारंभ हुआ. प्राप्त रायल्टी की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक पर दर्शित है. (ग) प्रदेश में वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में 30 नवम्बर 2020 तक रेत के अवैध उत्खनन पर दर्ज प्रकरणों की जिलेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-दो पर दर्शित है. (घ) प्रदेश में रेत खनिज के विक्रय किये जाने हेतु विभाग द्वारा दर निर्धारित नहीं किया जाता है. जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रत्येक जिले हेतु रेत खनन एवं खदान के लिए प्रति घनमीटर सिलिंग प्राईज (लोडिग दर, रैम्प निर्माण, परिवहन मार्ग मरम्मत एवं अन्य व्यय) की दर निर्धारित किया जाता है.

मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र में हैण्डपम्प टेक्नीशियन की नियुक्ति

26. (क्र. 289) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र में विगत 05 वर्षों में कितने हैण्डपंप टेक्नीशियन सेवा निवृत्त हो चुके है और उनके स्थान पर कितने नये टेक्नीशियन की नियुक्ति की गई है ? (ख) प्रश्न दिनांक तक टेक्नीशियन द्वारा किन-किन ग्राम पंचायतों में कितने-कितने हैण्डपंप का संधारण किया जाता है ? (ग) प्रश्नांश अवधि में कौन-कौन नल जल योजनाओं को कब-कब ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया गया है ? हस्तांतरित नल योजनाओं के संधारण के नियम क्या है ? हस्तांतरण पश्चात संधारण हेतु कितनी राशि किस विभाग द्वारा इन नल जल योजनाओं के लिए उपलब्ध कराई गई व कितनी राशि व्यय की गई तथा कितनी राशि शेष है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र में विगत 05 वर्षों में 04 हैण्डपंप टेक्नीशियन सेवा निवृत्त हो चुके है. उनके स्थान पर नये टेक्नीशियन की नियुक्ति की जानकारी निरंक है. (ख) प्रश्नांश दिनांक तक टेक्नीशियन द्वारा संधारण किये जा रहे हैण्डपंपों की ग्राम पंचायतवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. (ग) प्रश्नांश अवधि में 09 नल जल योजना पूर्ण कर ग्राम पंचायत को हस्तांतरित की गई की ग्राम पंचायतवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" के कॉलम 03 में दर्शित अनुसार है. ग्राम पंचायत द्वारा दी गई सहमति अनुसार योजना के हस्तांतरण पश्चात नलजल योजना के संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत की है. तकनीकी मार्गदर्शन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दिया जाता है. हस्तांतरण पश्चात् लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उपरोक्त दर्शित नलजल योजनाओं के संचालन-संधारण हेतु ग्राम पंचायत को उपलब्ध करायी गई अनुदान की राशि की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" के कॉलम क्रमशः 04, 05, 06, 07 एवं 08 में दर्शित अनुसार है. व्यय की राशि † संलग्न प्रपत्र "ब" के कॉलम क्रमांक 10 में दर्शित अनुसार है. शेष राशि † संलग्न प्रपत्र "ब" के कॉलम 11 में दर्शित अनुसार है.

वरिष्ठ अधिकारियों के स्थान पर कनिष्ठ अधिकारियों को प्रदत्त पदभार संबंधी

27. (क्र. 290) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा कनिष्ठ अधिकारी को उच्च पद पर प्रभारी अधिकारी पदस्थ न किए जाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए है ? यदि हां तो क्या निर्देश है ? क्या विभाग में कार्यपालन अभियंता व उच्च पर वरिष्ठता सूची के अनुसार वरिष्ठ अधिकारी के स्थान पर कनिष्ठ अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है यदि हां तो कौन-कौन अधिकारी वरिष्ठ पदों के प्रभार में प्रश्न दिनांक की स्थिति में है ? पदवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांक "क" अनुसार अधिकारियों में किन-किन अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय/ईओडब्ल्यू/एसीबी में जांच चल रही है व कब से चल रही है ? इन अधिकारियों में किन-किन अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय जांच हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात विभागीय जांच प्रारंभ नहीं हुई है व क्यों ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) जी हां. निर्देश की प्रति †† संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. जी हां. प्रश्न दिनांक की स्थिति में कार्यपालन अभियंता व उच्च पदों पर प्रभारी अधिकारी बनाया गया है, की पदवार जनकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है. (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार जिन अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय/ईओडब्ल्यू/एसीबी में जांच चल रही है, की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "स" अनुसार है. प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात जिन अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय जांच प्रारंभ नहीं हुई है, की जानकारी निरंक है.

† परिशिष्ट "उन्नीस" †† परिशिष्ट "बीस"

राज्य सरकार द्वारा विभिन्न संस्थाओं से लिया गया कर्ज

28. (क्र. 345) **डॉ. रेणु अजीत जोगी** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 01 अप्रैल, 2020 से 15 नवंबर, 2020 तक किस संस्थाओं से कितना कर्ज लिया है ? (ख) 16 दिसंबर, 2018 की स्थिति में राज्य सरकार पर कुल कितना कर्ज था ? 15 नवंबर, 2020 की स्थिति में राज्य सरकार पर कुल कितना कर्ज है ? (ग) राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 में कर्ज पर कितने ब्याज का भुगतान किया गया ? वर्ष 2020-2021 में सरकार द्वारा कर्ज पर कितने ब्याज का भुगतान अनुमानित है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) राज्य सरकार ने 01 अप्रैल, 2020 से 15 नवंबर, 2020 तक निम्नलिखित संस्थाओं से कुल रु. 5,416 करोड़ कर्ज लिया है :–

क्र.	संस्था का नाम	राशि
1.	भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ऋण (बाजार उधार)	5,000
2.	राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक से ऋण	303
3.	केन्द्र सरकार के माध्यम से एशियन डेवलपमेंट/विश्व बैंक से ऋण	113
	कुल	**5,416**

(ख) 16 दिसंबर 2018 की स्थिति में 41,695 करोड़ तथा 15 नवंबर 2020 की स्थिति में 66,968 करोड़. (ग) 2019-20 में कर्ज पर 4,225 करोड़ ब्याज भुगतान किया गया है तथा वर्ष 2020-21 में 5,330 करोड़ ब्याज भुगतान अनुमानित है.

मरवाही वनमंडल में सामग्री खरीदी

29. (क्र. 347) **श्री प्रमोद कुमार शर्मा** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विगत 03 वर्षों में मरवाही वनमंडल में कौन-कौन सी सामग्री कितनी-कितनी राशि की किस-किस माध्यम से खरीदी गई ? फर्म के नाम, पता एवं खरीदी गई सामग्रियों के तकनीकी नाम सहित जानकारी उपलब्ध करायें. (ख) कितनी राशि का भुगतान नगद एवं कितने को बैंक के माध्यम से किया गया ? फर्म के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करायें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

बालोद वनमण्डल अंतर्गत वृक्षारोपण में व्यय राशि

30. (क्र. 374) **श्रीमती संगीता सिन्हा** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बालोद वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्रों में वर्ष 2018-19 से सितम्बर, 2020 तक किन-किन मदों से कहां-कहां पर कितने क्षेत्रफल में वृक्षारोपण का कार्य कितनी राशि व्यय कर संपादित किया गया ? वर्षवार, मदवार एवं वन परिक्षेत्रवार जानकारी देवें. (ख) उक्तावधि में वनों के सुधार एवं संरक्षण हेतु वन परिक्षेत्रों को कितना आवंटन प्राप्त हुआ एवं इस कार्य में कितनी राशि व्यय की गई ? वर्षवार, मदवार एवं वन परिक्षेत्रवार जानकारी देवें.

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"एक" में दर्शित है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"दो" में दर्शित है.

विकासखण्ड लोरमी एवं पंडरिया में कृषकों के कृषि पंप हेतु लंबित आवेदन

31. (क्र. 388) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विकासखण्ड-लोरमी जिला-मुंगेली एवं विकासखंड-पंडरिया जिला-कबीरधाम में दिनांक 30 नवंबर, 2020 तक कितने कृषकों का कृषि पंप कनेक्शन हेतु आवेदन लंबित है, संख्या बतावें ? (ख) प्रश्नांश "क" में पूछे गए कृषकों को कृषि पंप कनेक्शन सी.एस.पी.डी.सी.एल. द्वारा क्यों नहीं दिया है ? कारण बताएं, यह भी बताएं कि उपरोक्त कनेक्शन कब तक दिया जाएगा ?

† परिशिष्ट "इक्कीस"

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जिला मुंगेली के विकासखण्ड-लोरमी एवं जिला कबीरधाम के विकासखण्ड पण्डरिया में दिनांक 30 नवम्बर 2020 तक क्रमशः 717 एवं 537 कृषकों का कृषि पंप कनेक्शन हेतु आवेदन लंबित है. (ख) उत्तरांश "क" में सम्मिलित जिला मुंगेली के विकासखण्ड-लोरमी के 34 कृषकों के द्वारा भुगतान किये जाने एवं 683 आवेदन लाईन विस्तार कार्य हेतु लंबित है. वर्ष 2020-21 में मुंगेली जिला हेतु कृषि पम्पों के ऊर्जीकरण के लिये 410 पंपों का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें जिलेवार वरीयता सूची में लोरमी विकासखण्ड के 113 आवेदन सम्मिलित है. उक्त कृषि पंपों का विस्तार कार्य मार्च 2021 तक किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. शेष औपचारिकतापूर्ण 570 पम्पों के कार्य आगामी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किये जाने के प्रयास है. इसी प्रकार वर्ष 2020-21 में कबीरधाम जिला हेतु कृषि पम्पों के ऊर्जीकरण के लिये 531 पंपों का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें से पंडरिया संभाग हेतु 250 पंपों के ऊर्जीकरण का लक्ष्य आवंटित किया गया है. लक्ष्य के अंतर्गत भुगतान दिनांक के अनुसार वरीयता सूची में पण्डरिया विकासखण्ड के 198 आवेदन सम्मिलित है, जिनके कार्य मार्च 2021 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है. इसके अतिरिक्त लंबित शेष औपचारिकतापूर्ण 339 पम्पों के कार्य आगामी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किये जाने के प्रयास है.

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में तेंदूपत्ता गोदाम का निर्माण

32. (क्र. 393) **श्रीमती छन्नी चन्दू साहू** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव वनमण्डल के अंतर्गत खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2017 से 2019 तक कितने तेंदुपत्ता गोडाऊन का निर्माण कराया गया ? परिक्षेत्रवार, स्थानवार एवं वर्षवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश (क) में निर्मित तेंदुपत्ता गोडाऊन का निर्माण का कार्य कब प्रारंभ हुआ तथा कब पूर्ण की गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) राजनांदगांव वनमंडल/जिला यूनियन के अंतर्गत खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2017 से 2019 तक 03 तेन्दूपत्ता गोदामों का निर्माण कराया गया.

क्र.	परिक्षेत्र का नाम	स्थान	वर्ष
1.	बाघनदी	चिरचारी	2017

(ख) प्रश्नांश "क" में निर्मित तेन्दूपत्ता गोदाम का कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होने की जानकारी गोदामवार निम्नानुसार है :-

क्र.	गोदाम का नाम एवं क्रमांक	प्रारंभ तिथि	पूर्ण तिथि
1.	चिरचारी-01	12-01-2017	31-7-2019
2.	चिरचारी-02	13-01-2017	30-7-2019
3.	चिरचारी-03	28-02-2017	20-5-2020

नगर पालिक निगम चिरमिरी की जल आवर्धन योजना की लागत

33. (क्र. 397) **डॉ. विनय जायसवाल**: क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नगर पालिक निगम चिरमिरी की जल आवर्धन योजना कब प्रारंभ की गई थी, तथा लागत कितनी थी, यह कब तक पूर्ण होगी, अभी तक इसमें कितनी राशि खर्च की जा चुकी है, तथा इसको पूर्ण रूपेण लागू करने में अभी कितनी राशि की और आवश्यकता होगी ? (ख) प्रश्नांक "क" के अनुसार कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है ? कार्य कब तक पूर्ण होगा ? कार्य पूर्ण करने की समयावधि क्या थी ? (ग) प्रश्नांक "क"के अनुसार यदि कार्य शेष है, तो दोषी अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क)नगर पालिक निगम चिरमिरी की जल आवर्धन योजना वर्ष 2013 में प्रारंभ की गई थी तथा योजना की लागत राशि रु. 3448.75 लाख थी. चिरमिरी आवर्धन जल प्रदाय योजना के लिये एनीकट निर्माण कार्य की स्वीकृति वर्ष 2016 में लागत रु. 516.83 लाख की गई थी. इस प्रकार योजना की कुल लागत रु. 3965.58 लाख थी. योजना के लिये प्रस्तावित कार्य पूर्ण हो चुके है. अभी तक योजना में राशि रु. 3912.76 लाख खर्च की जा चुकी है. योजना पूर्ण रूपेण चालू है. अतः राशि की आवश्यकता निरंक है. (ख) प्रश्नांश-"क"अनुसार योजना के तहत प्रस्तावित समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है. योजना का कार्य पूर्ण है. योजना को पूर्ण करने की समयावधि योजना स्वीकृति दिनांक से 02 वर्ष थी. (ग) प्रश्नांश-"क" के अनुसार कार्य शेष नहीं है अतः दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है.

जांजगीर चांपा जिला में पाईप लाईन तथा पानी टंकी निर्माण कार्यों की स्थिति

34. (क्र. 401) **श्रीमती इन्दू बंजारे** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जांजगीर चांपा जिला में वित्तीय वर्ष 2019-20 व 2020-21 में विभाग द्वारा कौन-कौन मद से पाईप लाईन निर्माण, पानी टंकी निर्माण व मोटर खनन किया गया है ? ग्रामवार कार्य का नाम पूर्ण-अपूर्ण सहित जानकारी देवें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : जांजगीर चांपा जिला में वित्तीय वर्ष 2019-20 व 2020-21 में विभाग द्वारा पाईप लाईन निर्माण, पानी टंकी निर्माण की ग्रामवार, मदवार व कार्य पूर्ण-अपूर्ण की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. पूर्ण हुए मोटर खनन (मोटर पम्प हेतु नलकूप खनन) कार्य की ग्रामवार, मदवार, जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

छ. ग. राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में हुए टेंडर चयनित ठेकेदार

35. (क्र. 412) **श्री बृजमोहन अग्रवाल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) निविदा क्र. टीएस-1081, टी.एस.-1083, टी.एस.-1084, टी.एस.-1143 के तहत छ.ग. राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित ने किन-किन ठेकेदारों को कौन-कौन से कार्यों के लिए नवंबर 2020 तक चयन किया है ? (ख) कंडिका "क" के जारी कार्यादेश की राशि कितनी-कितनी है व किन-किन कार्यों के लिए है इनमें से कितने कुशल/अकुशल श्रमिकों की आवश्यकता है उनको किस स्तर पर कार्य ठेकेदार करायेंगे ? (ग) कंडिका "क"के चयनित ठेकेदारों का एल.ओ.वन. कितना-कितना है ? निविदा में किस-किस व कहां-कहां के ठेकदारों ने भाग लिया संस्थान के नाम सहित जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) छ.ग. राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित के उपरोक्त निविदा के चयनित ठेकेदारों के नाम और उनके कार्यों की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) प्रश्नांश "क" के जारी कार्यादेश की राशि, कार्य, कुशल/अकुशल श्रमिकों की संख्या एवं उनके कार्य स्तर की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ग) प्रश्नांश "क" के चयनित ठेकेदारों का नाम, एल. वन की राशि और निविदा में भाग लेने वाले प्रतिभागी ठेकेदारों का नाम की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "स" में दर्शित है.

लघु वनोपज हेतु बारदानों की खरीदी

36. (क्र. 413) **श्री बृजमोहन अग्रवाल** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) लघु वनोपज तेंदूपत्ता सीजन 2019 एवं 2020 के लिए बारदानों की खरीदी कहां-कहां से कब-कब, किस-किस दर पर की गयी खरीदी की कुल राशि सहित ब्यौरा दें ? (ख) कंडिका "क" की खरीदी के लिए टेंडर कब-कब जारी हुए यदि टेंडर नहीं हुए तो खरीदी के आधार क्या थे ? और किन-किन फर्मों से कितने-कितने बारदाने की खरीदी की गई, राशि सहित ब्यौरा दें ? (ग) कंडिका "क" के वर्षों में कौन-कौन सी लघु वनोपज विभाग द्वारा किस-किस मूल्यों पर विक्रय की गई ? दोनों वर्षों का तुलनात्मक ब्यौरा देवें ? (घ) कंडिका "ग" की वनोपज में क्या वर्ष 2020 में महुआ की खरीदी की गई ? यदि हां तो किस दर पर खरीदी हुई और किस दर पर बेचा गया ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2019 में तथा वर्ष 2020 में बारदाने क्रय किये गये हैं. जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) वर्ष 2019 तेंदूपत्ता सीजन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा दिनांक 02 फरवरी 2019 को निविदाऐं आमंत्रित की गई थी. निर्धारित तिथि तक कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई, अतः नाफेड कोलकाता के माध्यम से क्रय की कार्यवाही की गई. वर्ष 2020 में छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा निविदाऐं आमंत्रित नहीं की गई. नाफेड कोलकाता के माध्यम से क्रय की कार्यवाही की गई. कोविड-19 के कारण नाफेड द्वारा समय पर हैसियन बोरा प्राप्त नही होने पर आकस्मिक व्यवस्था हेतु भारतीय राष्ट्रीय कृषक उपज उपार्जन, प्रसंस्करण एवं फुटकर सहकारी संघ, मर्यादित रायपुर के माध्यम से भी हैसियन बोरा क्रय किया गया. जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ग) जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (घ) जी हां. महुआ फूल की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 3,000/- प्रति क्विंटल पर की गई तथा औसत रुपये 4125/- प्रति क्विंटल की दर से बेचा गया.

- - - - - - - - - - - -

† परिशिष्ट "बाईस" †† परिशिष्ट "तेईस" ‡ परिशिष्ट "चौबीस"

अतारांकित प्रश्नोत्तर

रायपुर संभागान्तर्गत संचालित बुनकर सहकारी समितियाँ

1. (क्र. 5) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर संभागान्तर्गत कहां-कहां संचालित रहे बुनकर सहकारी समितियॉ कुल कितनी संख्या में संचालित है तथा उनमें कार्यरत कामगारों की संख्या बतावे ? (ख) इनमें से कौन-कौन सी समितियॉ अद्यतन स्थिति में संचालित है और कौन-कौन सी बंद हो चुकी है ? बंद होने के क्या कारण है ? (ग) इन समितियों को पुनर्स्थापित किये जाने हेतु शासन के द्वारा क्या किसी प्रकार से प्रयास किये जा रहे है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) रायपुर संभागान्तर्गत कुल 55 बुनकर सहकारी समितियां संचालित रही है, वर्तमान में कुल 45 बुनकर समितियां संचालित है, जिसमें कामगारों की संख्या † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित 55 बुनकर सहकारी समितियों में से अद्यतन स्थिति में कुल 45 बुनकर सहकारी समितियां संचालित है (जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है). 10 समितियां बन्द हो चुकी है (जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है). समितियों के बंद होने के विभिन्न कारण है. कुछ समितियां बहुत वर्षो से बंद है तथा सहकारिता विभाग के तहत परिसमापन की कार्यवाही में है,आपसी विवाद तथा कार्य के प्रति इच्छुक न होना इत्यादित कारण है. (ग) समितियों को पुनर्स्थापित किये जाने हेतु इच्छुक समितियों को पुनः आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण तथा उपकरण में सहयोग प्रदाय किया जाता है.

जिला रायपुर में स्थापित उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण यंत्र की स्थापना

2. (क्र. 6) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 458 दिनांक 25-2-2020 में रायपुर जिले के 30 प्रदूषणकारी प्रकृति के उद्योगों में समूचित प्रदूषण व्यवस्था स्थापित न होने की जानकारी दी गई थी. (ख) यदि हो तो क्या दिनांक 19-11-2020 की स्थिति में इन 30 प्रदूषणकारी प्रकृति के उद्योगों में समूचित प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र स्थापित कर लिए गए है ? यदि नहीं तो क्यों एवं इस हेतु जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जी हां. (ख) जी नहीं. प्रश्नांश "क" में उल्लेखित 30 उद्योगों में से 08 उद्योगों में आवश्यक प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित कर ली गई है. 01 उद्योग में प्लांट एवं मशीनरी हटा ली जाकर उत्पादन बंद कर दिया गया है. 20 उद्योगों को पूर्व में ही आवश्यक प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित न करने के कारण उत्पादन बंद करने के निर्देश दिये जा चुके है एवं ये उद्योग वर्तमान में बंद पाये गये है. 01 उद्योग पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा की गई कार्यवाही पर उद्योग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया गया है. उपरोक्त से स्पष्ट है कि उपरोक्त उल्लेखित सभी उद्योगों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई है. अतः अधिकारियों पर कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

जिला राजनांदगांव में राइस मिलर्स को विद्युत कनेक्शन का प्रदाय

3. (क्र. 23) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. राज्य पॉवर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव जिले में दिनांक 27 नवंबर 2020 तक कितने राइस मिलर्स को किस-किस फर्म या प्रोपराइटर के नाम से निम्नदाब/उच्च दाब विद्युत कनेक्शन प्रदाय किया गया है? (ख) वर्ष 2018-19 व 2019-20 में फर्म द्वारा कितने युनिट विद्युत खपत किया गया है ? वर्षवार, माहवार, युनिटवार खपत की जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव जिले में दिनांक 27-11-2020 तक की स्थिति में निम्न दाब के 86 तथा उच्च दाब के 24 कुल 110 राईस मिलर्स के विद्युत कनेक्शन प्रदाय किये गये है. उक्तावधि में जारी जारी किये गये विद्युत कनेक्शन के फर्म के नामों की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट के कालम नं. 2 में दर्शित है. (ख) राजनांदगांव जिले में दिनांक 27-11-2020 तक की स्थिति में प्रदाय किये गये राईसमील के निम्नदाब एवं उच्चदाब कनेक्शनों के द्वारा वर्ष 2018-2019 एवं 2019-2020 में किये गये विद्युत खपत की मात्रा (यूनिट में) का वर्षवार, माहवार विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

† परिशिष्ट "पच्चीस" †† परिशिष्ट "छब्बीस"

जिला राजनांदगांव में कृषि पम्प उर्जीकरण हेतु स्वीकृति राशि

4. (क्र. 24) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2018-19 से प्रश्नावधि तक छ. ग. राज्य पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव जिले में कृषि पम्प उर्जीकरण हेतु कितनी बचत राशि आबंटित की गयी थी ? (ख) आबंटित बजट राशि में बचत होने पर कितने अन्य कृषकों को व्यय वर्तमान सीमा के बाहर पम्पों के उर्जीकरण हेतु लाभान्वित किया गया है ? (ग) वर्ष 2020-21 में कितनी बचत राशि है एवं कितने कृषकों को राशि प्रदान करना शेष है, कृषकवार, राशिवार, वर्षवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) छ. ग. राज्य पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव जिले में कृषि पम्प उर्जीकरण हेतु वर्ष 2018-19 में राशि रुपये 220.50 लाख, वर्ष 2019-20 में राशि रुपये 288.77 लाख एवं वर्ष 2020-21 में दिनांक 30-11-2020 तक की स्थिति में राशि रुपये 24.54 लाख, इस प्रकार कुल राशि रुपये 533.83 लाख की बचत राशि एक लाख से अधिक लागत वाले आवेदकों को आबंटित किये गये है. संभागवार एवं वर्षवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) राजनांदगांव जिले के अंतर्गत राजनांदगांव के 699 कृषकों, डोंगरगांव 1012 कृषकों, खैरागढ़ के 73 कृषकों एवं डोंगरगढ़ के 73 कृषकों को निर्धारित सीमा से अधिक राशि का लाभ प्रदान किया गया है. संभागवार एवं वर्षवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कालम 03 में दर्शित है. (ग) वर्ष 2020-21 में राजनांदगांव जिले के अंतर्गत विभिन्न संभागों में कुल बचत राशि 51.50 लाख थी. प्रश्नावधि तक कोई भी कृषक कृषि बचत राशि की छूट प्रदान करने हेतु शेष नहीं है.

जिला जांजगीर-चाम्पा में स्पाट बिलिंग का प्रदत्त ठेका

5. (क्र. 35) **श्री केशव प्रसाद चंद्रा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला जांजगीर-चाम्पा में बिजली विभाग में मीटर रिडिंग एवं बिल हेतु स्पॉट बिलिंग की जा रही है ? यदि हां तो उक्त कार्य किस ठेकेदार/फर्म को प्रति बिल किस दर पर दिया गया है ? डिविजनवार या वितरण केन्द्रवार, ठेकेदार के नाम पता सहित बताये ? (ख) स्पॉट बिलिंग कब से प्रारंभ की गई एवं उसके पश्चात बिलिंग में अनियमितता, ज्यादा बिल आने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है एवं शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ? वितरण केन्द्रवार बतायें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जी हॉ. जिला जांजगीर-चाम्पा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमि. के चाम्पा संभाग के बलौदा एवं बम्हनीडीह वितरण केन्द्र को छोड़कर शेष सभी वितरण केन्द्रों में मीटर रिडिंग एवं बिल स्पाट बिलिंग के माध्यम से की जा रही है. इस कार्य हेतु संभागवार आदेशित ठेकेदार फर्म का नाम, पता एवं प्रति बिल की निर्धारित दर निम्नानुसार है :-

क्र.	संभाग का नाम	वितरण केन्द्र का नाम	फर्म/ठेकेदार का नाम	दर
1.	चाम्पा	चाम्पा (जोन), सिवनी, बम्हनीडीह, सारागांव, मड़वा, जांजगीर, नवागढ़, बलौदा, खिसोरा, धुरकोट, नैला (जोन)	मेसर्स वैभू इंफ्राटेक इंडिया प्रा. लिमि. प्रेमसाय अपार्टमेंट श्रीनगर कॉलोनी हैदराबाद	रु. 5.19/- (पांच रुपये उन्नीस पैसा) एवं 18 प्रतिशत (जीएसटी) अतिरिक्त
2.	अकलतरा एवं सक्ती	अकलतरा (शहर), अकलतरा (ग्रामीण), कोटगढ़, नरियार, पामगढ़, रसोटा, शिवरीनारायण, केरा, सक्ती (शहर), सक्ती (ग्रामीण), अड़भार, नगरदा, बाराद्वार, जैजैपुर, मालखरौदा, सलनी, हसौद, छपोरा, डभरा, चन्द्रपुर, फगुरम, कोटमी	मेसर्स एंड टेक्नोलॉजी (इंडिया) लिमि., 16 एप्पल विला, थर्ड फ्लोर लेफ्ट विंग लालबाग, रोड बैंगलोर	रु. 7.55/- (सात रुपये पचपन पैसा) एवं 18 प्रतिशत (जीएसटी) अतिरिक्त

† परिशिष्ट "सत्ताईस"

(ख) जिला जांजगीर चांपा के अंतर्गत वितरण केन्द्रवार स्पॉट बिलिंग प्रारंभ करने की तिथि, एवं स्पॉट बिलिंग प्रारंभ होने के पश्चात अनियमितता, ज्यादा बिल आने की शिकायतों एवं शिकायतों की जांच पश्चात् निराकृत शिकायतों की जानकारी वितरण केन्द्रवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. उपभोक्ताओं से वस्तुतः कुल दो श्रेणी में शिकायतें प्राप्त हुई है-

1. बिलिंग में अनियमितता यथा रीडिंग नहीं होने एवं बिल प्राप्त नहीं होने बाबत्-शिकायतों की जांच पश्चात शिकायत सही पाये जाने पर जिले के 13,951 उपभोक्ताओं की रीडिंग कराकर बिल प्रदाय कर शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है. † संलग्न परिशिष्ट के कॉलम नम्बर 05 में दर्शित है.
2. ज्यादा बिल आने की शिकायत-शिकायतों की जांच पश्चात् शिकायत सही पाये जाने पर 4,735 उपभोक्ताओं के विद्युत देयक को पुनरीक्षित कर शिकायत का निराकरण किया जा चुका है. † संलग्न परिशिष्ट के कॉलम नम्बर 04 में दर्शित है. बिलिंग में अनियमितता पाये जाने पर फर्म/ठेकेदार मेसर्स वैभू इंफ्राटेक इंडिया प्रा. लिमि. प्रेमसाय अपार्टमेंट श्रीनगर कॉलोनी हैदराबाद एवं मेसर्स एंड टेक्नोलॉजी(इंडिया) लिमिटेड, 16 एप्पल विला, थर्ड फ्लोर, लेफ्टविंग, लालबाग रोड, बैंगलोर के देयको में से कंपनी नियमानुसार पेनाल्टी काटी गई है.

विधानसभा जैजैपुर में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण फेस-2 में तहत नवीन ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं लाईन विस्तार कार्य

6. (क्र. 36) **श्री केशव चंद्रा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चाम्पा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में राजीव गांधी फेस-2 योजना अंतर्गत कितने गांवों में लाइन विस्तार का कार्य एवं नये ट्रांसफार्मर कितनी क्षमता के लगाए गए ? ग्रामवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर में स्थापित ट्रांसफार्मर में दिनांक 20 नवम्बर, 2020 तक कितने चालू है एवं कितने बंद है ? ग्रामवार बतायें एवं बंद ट्रांसफार्मर के कारण क्या है एवं कब तक बदल लिया जायेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जिला जांजगीर चांपा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में राजीव गांधी फेस-2 योजना नहीं अपितु 12वीं वित्त के अंतर्गत राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत 165 ग्रामों में लाइन विस्तार का कार्य एवं 398 नग नये वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किये गये है. ग्रामवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) उत्तरांश "क" में स्थापित 398 वितरण ट्रांसफार्मर में से दिनांक 20 नवम्बर, 2020 की स्थिति में 382 नग ट्रांसफार्मर चालू एवं 16 नग ट्रांसफार्मर तकनीकी खराबी के कारण बंद थे. वर्तमान में सभी खराब ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया है. ग्रामवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत विद्युतविहीन क्षेत्रों में विद्युत सुविधा

7. (क्र. 43) **श्री चंदन कश्यप** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर जिले के किन-किन ग्रामों, पारा, टोला, मोहल्ला में बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है ? (ख) कंडिका "क" अनुसार उक्त ग्रामों, पारा, टोला, मोहल्ला को कब तक विद्युतीकृत कर दिया जावेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर अन्तर्गत नारायणपुर जिले के समस्त 383 ग्रामों के 1,065 मजरा-टोला पारा में बिजली की सुविधा (ग्रिड/ऑफ ग्रिड द्वारा) उपलब्ध है. (ख) उत्तरांश के परिपेक्ष्य में प्रश्न उद्भूत नहीं होता.

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेयजल कार्यों की स्थिति

8. (क्र. 44) **श्री चंदन कश्यप** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर, कोण्डागांव एवं बस्तर जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2019-20 से 24-11-2020 तक योजनावार निर्माणाधीन पानी टंकी, पाईप लाईन की अंतिम मूल्यांकन सत्यापन पश्चात की गई भुगतान की राशि व विभाग को हस्तांतरित कार्यों की एजेंसीवार, दिनांकवार कार्य की पूर्ण एवं अपूर्ण की जानकारी देवें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर, कोण्डागांव एवं बस्तर जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2019-20 से 24-11-2020 तक योजनावार निर्माणाधीन पानी टंकी, पाईप लाईन कार्य की अंतिम मूल्यांकन सत्यापन पश्चात की गई भुगतान की राशि की जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के कॉलम क्रमशः 06 एवं 09 में दर्शित अनुसार है. विभाग को हस्तांरित नहीं बल्कि विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाती है. विभाग द्वारा क्रियान्वित पाईप लाईन कार्यों की योजनावार, एजेन्सीवार एवं अंतिम भुगतान दिनांकवार जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के कॉलम क्रमशः 03, 04 एवं 05 में दर्शित अनुसार है. विभाग द्वारा क्रियान्वित पानी टंकी निर्माण कार्यों की योजनावार, एजेन्सीवार एवं अंतिम भुगतान दिनांकवार जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के कॉलम क्रमशः 03, 07 एवं 08 में दर्शित अनुसार है. योजना के पूर्ण एवं अपूर्ण की जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के कॉलम 10 में दर्शित अनुसार है.

† परिशिष्ट "अट्ठाईस" †† परिशिष्ट "उन्तीस" ‡ परिशिष्ट "तीस"

बिलासपुर हवाई अड्डे के 3 सी केटेगरी की मान्यता

9. (क्र. 59) **श्री शैलेश पाण्डे** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर हवाई अड्डा को 3 सी केटेगरी की मान्यता की अद्यतन जानकारी देने का कष्ट करें. (ख) बिलासपुर से हवाई सेवा तक प्रारंभ हो पायेगी.

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) 3 सी केटेगरी की मान्यता हेतु बिलासपुर हवाई अड्डा में सिविल, विद्युत एंव ऑब्स्ट्रक्शन लिमिटेशन सरफेस सर्वे (OLS) कार्य किया जा चुका है. ओएलएस सर्वे रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुआ है. रिपोर्ट प्राप्त होने पर समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ डीजीसीए कार्यालय में 3 सी केटेगरी की मान्यता हेतु आवेदन किया जाना है. (ख) हवाई सेवा कब से प्रारम्भ होगी बताया जाना संभव नहीं है.

यात्री बसों की टैक्स मॉफी

10. (क्र. 60) **श्री शैलेश पाण्डे** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले में 1 अप्रैल, 2020 से 30 नवम्बर, 2020 तक कितनी यात्री बसों के कितने टैक्स कब-कब माफ किये गये ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : बिलासपुर जिले में दिनांक 1 अप्रैल, 2020 से 30 जून, 2020 तथा 1 सितंबर, 2020 से 31 अक्टूबर, 2020 तक 810 यात्री बसों का टैक्स रु. 2,37,78,830/- (रु. दो करोड़ सैतिस लाख अठहत्तर हजार आठ सौ तीस मात्र) माफ किया गया है.

प्रदेश में विभिन्न जिलों में रेत खदानों का प्रदत्त ठेका

11. (क्र. 79) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि छ. ग. प्रदेश में वर्ष 2018-19 एवं 19-20 में दिनांक 30 नवम्बर तक किन-किन जिलों में किस-किस स्थानों में रेत की खदानों का ठेका दिया गया है एवं संचालित हैं तथा किस अवधि तक दिया गया हैं ? कृपया जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2018-19 किसी भी स्थान पर रेत खदानों का ठेका नहीं दिया गया है, अपितु उक्त अवधि में रेत खदानों का संचालन संबंधित ग्राम/जनपद पंचायत/नगरीय निकायों द्वारा किया जाता था. वर्ष 2019-20 से 30 नवंबर, 2020 तक छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2019 अनुसार रेत खदानों के नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) पद्धति से 02 वर्ष की अवधि हेतु उत्खनिपट्टा स्वीकृत किया गया है. जिलेवार/स्थानवार स्वीकृत रेत खदानों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है.

नया रायपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु आमंत्रित निविदाएं

12. (क्र. 80) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि नया रायपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा विगत वर्ष 2018-19, 2019-20, एवं 2020-21 में किस-किस कार्यों हेतु निविदाएं किस-किस तारीख को बुलायी गई ? निविदाओं की लगात सहित नियुक्त एजेन्सी एवं ठेकेदारों की जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है.

जिला जांजगीर-चांपा में वायु एवं जल प्रदूषणकारी उद्योगों की जॉच

13. (क्र. 87) **श्री नारायण चंदेल** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 25 नवंबर, 2020 तक जिला जांजगीर-चांपा में वायु प्रदूषणकारी एवं जल प्रदूषणकारी कुल कितने उद्योग स्थापित है ? क्या सभी उद्योगों में वायु प्रदूषण नियंत्रण एवं जल उपचार संयंत्र स्थापित है ? यदि नहीं तो कितने उद्योगों में नहीं है ? (ख)दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 25 नवंबर, 2020 तक पर्यावरण विभाग द्वारा कितने उद्योगों की जांच कब-कब की गई है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : प्रश्नाधीन अवधि में जिला जांजीर-चांपा के अंतर्गत वायु प्रदूषणकारी प्रकृति एवं जल प्रदूषणकारी प्रकृति के कुल 127 उद्योग स्थापित हुए है. उक्त सभी उद्योगों में आवश्यकतानुसार जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित है. (ख) प्रश्नाधीन अवधि में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा कुल 261 उद्योगों की जांच की गई. विवरण परिशिष्ट पर ‡ संलग्न है.

† परिशिष्ट "ईकतीस" †† परिशिष्ट "बत्तीस" ‡ परिशिष्ट "तैंतीस"

प्रदेश में कार्यरत बुनकर सोसायटियॉं

14. (क्र. 88) **श्री नारायण चंदेल** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य हाथकरघा छ. ग. प्रदेश के अधीन कुल कितनी बुनकर सोसायटियां राज्य में कार्यरत हैं ? कृपया जिलेवार जानकारी प्रदान करें ? (ख) प्रश्न 'क ' के संदर्भ में समूचे प्रदेश में कितनी सक्रिय व कितने निष्क्रिय एवं कितनी ऐसी सोसायटियां हैं, जिनकों काली सूची में डाला गया है ? कृपया जिलेवार जानकारी देवें ? (ग) प्रश्न 'क ' व 'ख ' के संदर्भ में किन-किन जिलों की किन-किन सोसायटियों को बुनाई के लिए कब-कब कितने-कितने राशि का धागा वर्ष 2018-19 में प्रदान किया गया है ? (घ) क्या राज्य हाथकरघा संघ द्वारा निष्क्रिय व अपात्र बुनकर सोसायटियों को नियम विरूद्ध कार्य दिये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हां तो इस हेतु कौन-कौन दोषी है ? दोषियों के विरूद्ध कब-कब, क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) छत्तीसगढ़ में कुल 292 बुनकर सहकारी सोसायटियां कार्यरत है. जिलेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 के अनुसार है. (ख) प्रश्न ''क'' के संदर्भ में समूचे प्रदेश में 292 बुनकर सहकारी समितियां सक्रिय है एवं 98 बुनकर सहकारी समितियां निष्क्रिय है तथा काली सूची में दर्ज 07 समितियां पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 अनुसार है. (ग) प्रश्न 'क ' व 'ख ' के संदर्भ में जिलेवार तिथिवार वर्ष 2018-19 में सोसायटियों को राशि रु. 72.62 करोड़ का धागा प्रदान किया गया है. धागा प्रदाय राशि की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-''2'' में दर्शित है. (घ) राज्य हाथकरघा संघ द्वारा निष्क्रिय व अपात्र बुनकर सोसायटियों को नियम विरूद्ध कार्य दिये जाने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

छ. ग. विद्युत वितरण कंपनी लि. द्वारा क्रय संबंधी जारी आदेश एवं व्यय

15. (क्र. 101) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीन मुख्य अभियन्ता (ई. आई. टी. सी.) द्वारा वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 में विभिन्न मदों में कितने-कितने क्रय संबंधी (माड्यूल सहित) आदेश जारी हुए ? (ख) इन आदेशों में जो राशि व्यय हुई उसका अनुमोदन छ. ग. रा. विद्युत नियामक आयोग से लिया गया अथवा नहीं ? (ग) क्रय किये गये माड्यूल का क्या उपयोग किया जा रहा है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधीन मुख्य अभियंता, ऊर्जा सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र (ई. आई. टी. सी.) कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 में दिनांक 02-12-2020 की स्थिति में विभिन्न मदों में जारी क्रय संबंधी आदेश (माड्यूल सहित) की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट क्रमशः ''अ'' , ''ब'' एवं ''स'' में दर्शित है. (ख) जी हां. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित मदों के अंतर्गत ही उत्तरांश ''क'' के आदेशों में वर्णित कार्यों पर राशि व्यय की गई है. (ग) क्रय किये गये माड्यूल के उपयोग की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट क्रमशः ''अ'' , ''ब'' एवं ''स'' के कॉलम क्रमांक 10 में दर्शित है.

राज्य में सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई एवं नलजल योजना

16. (क्र. 102) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 30 नवम्बर, 2020 की स्थिति में राज्य के किन-किन जिलों में कितने-कितने सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई एवं नलजल स्थापित किए गए हैं ? (ख) दिनांक 30 नवम्बर, 2020 तक की स्थिति में इनमें से कितने पंपों में खराबी आने के कारण बंद पड़े हैं ? इन्हें न सुधारने के क्या कारण हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) दिनांक 30 नवम्बर, 2020 तक की स्थिति में राज्य के सभी जिलों में सौर ऊर्जा आधारित 74850 सिंचाई पंप एवं 12770 पेयजल पंप स्थापित किए गए हैं. जिलेवार जानकारी नीचे तालिका में दर्शित है.

जिला (1)	स्थापित सिंचाई पम्पों की संख्या (2)	स्थापित पेयजल पम्पों की संख्या (3)
रायपुर	1118	307
बलौदाबाजार	3362	410
गरियाबंद	5508	191
धमतरी	1268	402
महासमुन्द	3540	425

(1)	(2)	(3)
बिलासपुर	1292	223
कोरबा	2450	436
मुंगेली	2274	195
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	614	69
रायगढ़	2150	228
जांजगीर-चांपा	1925	234
बलरामपुर	4386	432
सूरजपुर	3720	1240
सरगुजा	3743	596
कोरिया	3045	551
जशपुर	6394	765
बेमेतरा	477	144
राजनांदगांव	3118	829
कबीरधाम	1746	550
बालोद	1788	276
दुर्ग	1053	585
बस्तर	4162	972
कोण्डागांव	4851	261
कांकेर	3552	631
नारायणपुर	2054	379
दंतेवाड़ा	1967	652
बीजापुर	1625	465
सुकमा	1668	322
योग	**74850**	**12770**

(ख) 30 नवम्बर 2020 तक की स्थिति में उत्तरांश ''क'' में सम्मिलित 1370 सोलर सिंचाई पंप तथा 166 सोलर पेयजल पंप बंद है. उक्त में से बोर संबंधी समस्या का निराकरण हितग्राही द्वारा अपेक्षित है. चोरी एवं क्षतिग्रस्त प्रकरणों में इन्श्योरेंस क्लेम की कार्यवाही के उपरान्त एवं पंप सेट एवं कंट्रोलर आदि में तकनीकी खराबी का सुधार कार्य क्रेडा द्वारा निरंतर किया जा रहा है. बंद पंपों का विस्तृत विवरण नीचे तालिका में दर्शित है.

क्रमांक	पंप का प्रकार	अकार्यशील पंप	अकार्यशील होने का कारण		
			बोर कोलेप्स/ ड्राई/अन्य बोर संबंधी समस्या	चोरी/क्षतिग्रस्त	तकनीकी खराबी
1.	सौर सिंचाई पंप	1370	317	461	592
2.	सौर पेयजल पंप	166	138	6	22
	कुल	**1536**	**455**	**467**	**614**

कोण्डागांव जिले में स्थापित मोबाईल टॉवर

17. (क्र. 113) **श्री मोहन मरकाम** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कोण्डागांव जिले में मोबाईल नेटवर्क के कुल कितने टॉवर किन-किन कम्पनियों के स्थापित किए गए है ? कितने बंद है तथा किन कम्पनियों के मोबाईल टॉवर निर्माणाधीन है तथा उक्त टॉवर से सेवाएं कब से प्रारंभ होंगी ? इस क्षेत्र में नेटवर्क बढ़ाने की क्या कार्ययोजना है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : कलेक्टर कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी अनुसार कंपनियों के नाम एवं टॉवरों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. चूंकि, मोबाईल टॉवर की स्थापना हेतु क्षेत्र का चयन, टॉवरों की संख्या एवं सेवा प्रारंभ करने का निर्णय सेवा प्रदाता कंपनी का स्वयं का होता हैं, इस संबंध में राज्य शासन की कोई भूमिका नहीं हैं.

† परिशिष्ट ''चौंतीस ''

बस्तर संभाग में नलकूप खनन के लक्ष्य का निर्धारण

18. (क्र. 114) **श्री मोहन मरकाम** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बस्तर संभाग में विगत 02 वित्तीय वर्ष में नलकूप खनन के कितने लक्ष्य निर्धारित किए गए थे ? खनन का कार्य किस एजेन्सी द्वारा किया गया और लक्ष्य के विरुद्ध कितने खनन हुए, कितनी राशि व्यय की गई ? वर्षवार, जिलेवार ब्यौरा देवें.

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : बस्तर संभाग में विगत दो वित्तीय वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में कुल 2719 नलकूप खनन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. खनन कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (वि./यां.) खण्ड जगदलपुर द्वारा विभागीय मशीन से किया गया था और लक्ष्य के विरूद्ध 2329 नलकूप खनन हुए, जिसमें रु. 2036.53 लाख की राशि व्यय की गई. वर्षवार, जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है.

प्रदेश में नोटरी के स्वीकृत/रिक्त पद

19. (क्र. 148) **श्री सौरभ सिंह** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किस-किस जिले में नोटरी के कितने पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पद के विरूद्ध में कितने पद कब से रिक्त हैं ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक होगी ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : नोटरी के कुल-1099 पद स्वीकृत हैं, जिसकी जिलेवार तहसीलवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"अ" में है. प्रदेश में नोटरी के स्वीकृत पद के विरूद्ध कुल-535 पद रिक्त हैं, जिसकी जिलेवार एवं तहसीलवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"ब" में है. पूर्व में नोटरी के 599 पद स्वीकृत थे जिनमें से 35 पद रिक्त है तथा वर्ष-2018 में (छ. ग. शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालय नवा रायपुर के अधिसूचना क्रमांक 8338/2123(210)/21-ब/छ. ग./2018 दिनांक 23 अगस्त 2018 के द्वारा) नोटरी के 500 अतिरिक्त पद स्वीकृत हुए है. इस प्रकार वर्तमान में 35+500 अर्थात् कुल 535 पद रिक्त हैं. जिलेवार/तहसीलवार रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. नियुक्ति की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण कर ली जावेगी.

अकलतरा विधानसभा में संचालित बुनकर समिति

20. (क्र. 149) **श्री सौरभ सिंह** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में कहां-कहां पर कितनी बुनकर समिति संचालित है ? (ख) उपरोक्त समितियों को पिछले 2 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा किस-किस योजना के तहत कब-कब क्या-क्या लाभ इस अवधि में दिया गया है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्राम-पंतोरा विकास खण्ड अकलतरा, जिला-जांजगीर-चाम्पा में 01 बुनकर सहकारी समिति संचालित है. (ख)अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में उपरोक्त बुनकर समितियों को पिछले 02 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में योजनावार दी गई सहायता की जानकारी निम्नानुसार है :-

वर्ष	समिति का नाम	योजना का नाम	दी गई सहायता राशि (रु. में)
2018-19	निरंक	निरंक	निरंक
2019-20	जय भवानी बुनकर सहकारी समिति पंतोरा जिला- जांजगीर	समग्र हाथकरघा विकास योजना अंतर्गत बुनाई प्रशिक्षण	3,60,000/-
2020-21	निरंक	निरंक	निरंक

राज्य शासन द्वारा लिये गए कर्ज

21. (क्र. 175) **श्री अजय चन्द्राकर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि 1 दिसंबर, 2018 से 30 नवंबर, 2020 तक राज्य शासन ने किन-किन कार्यों के लिए किन-किन संस्थाओं से किन नियम शर्तों पर कुल कितना कर्ज कितनी अवधि के लिए लिया ? ब्याज दर सहित बतावें ?

† परिशिष्ट "पैंतीस"

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : प्रश्नाधीन अवधि में राज्य में अधोसंरचना एवं अन्य विकास कार्यों हेतु † संलग्न परिशिष्ट में दिये गये विवरण अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से बाजार ऋण, नाबार्ड की ग्रामीण अधोसरंचना विकास निधि तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक से ऋण लिये गये है.

धमतरी जिला में डी. एम. एफ. मद में स्वीकृत राशि

22. (क्र. 176) **श्री अजय चन्द्राकर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमतरी जिले में 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 में डी. एम. एफ. (डिस्ट्रिक मिनरल फंड) में कितनी राशि जमा हुयी ? वर्षवार बताने का कष्ट करें ? (ख) धमतरी जिले में राशि स्वीकृत करने की क्या प्रक्रिया अपनायी गयी है ? (ग) प्रश्नाधीन वर्ष में कौन-कौन सी एजेंसी/विभाग को कितनी राशि दी गयी ? वर्षवार बताने का कष्ट करें ? स्वीकृत कार्यों की वित्तीय और भौतिक स्थिति क्या है ? वर्षवार बतायें. (घ) यदि कार्य अधूरे है तो उसके कारण क्या है ? और दोषी कौन है ? उसके ऊपर क्या कार्यवाही की गयी ? और कार्य कब तक पूरे होंगे ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) धमतरी जिले में वर्ष 2018-19 में 435.39 लाख रुपये, वर्ष 2019-20 में 576.89 लाख रुपये एवं वर्ष 2020-21 में 786.55 लाख रुपये डी. एम. एफ. (डिस्ट्रिक मिनरल फंड) में प्राप्त हुआ है. (ख)धमतरी जिले में छत्तीसगढ़ खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 में दिये गये प्रावधानों के अनुरूप जिले के विभिन्न विभागों एवं जनप्रतिनिधियों से डी. एम. एफ. अंतर्गत कार्यों हेतु प्राप्त प्रस्तावों का प्रबंधकारणीय समिति से परीक्षाणोपरांत कार्ययोजना तैयार कर शासी परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ रखा जाता है, शासी परिषद से अनुमोदन उपरांत कलेक्टर सह अध्यक्ष, प्रबंधकारिणी समिति द्वारा कार्य का प्रशासकीय स्वीकृति जारी किया जाता है. (ग) धमतरी जिला में वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 में एजेंसी/विभाग को वर्षवार स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (घ) प्रश्नांश (क) में उल्लेखित अवधि में स्वीकृत कार्य प्रगतिरत है, कोई कार्य अधूरे नहीं है. शेष प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है. कार्य पूर्णता हेतु निश्चित समय-सीमा बताना संभव नहीं है. अतः कोई भी अधिकारी/कर्मचारी दोषी नहीं है.

जिला धमतरी में पंजीकृत हस्तकरघा बुनकर समितियॉं

23. (क्र. 189) **श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमतरी जिले में कुल कितनी हस्तकरघा बुनकर समितियां पंजीकृत है ? समिति की स्थापना वर्ष के नाम और स्थान सहित जानकारी देवें ? (ख) उक्त पंजीकृत समितियों में से कुल कितनी समितियां वर्तमान में कार्य कर रही है और कितनी बंद हो चुकी है ? (ग) समिति बंद होने के क्या कारण है ? क्या विभाग के द्वारा इनके पुनः प्रारंभ करने हेतु कार्य किये गये हैं ? यदि हां तो जानकारी देवें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) धमतरी जिले में कुल 10 हाथकरघा बुनकर सहकारी समितियां पंजीकृत है. समिति की स्थापना वर्ष का नाम और स्थान की जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के अनुसार है. (ख) धमतरी जिले में कुल 10 बुनकर सहकारी समितियां पंजीकृत है और वर्तमान में सभी बुनकर समितियां कार्य कर रही हैं. (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जिला धमतरी में वन विभाग द्वारा सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित निविदा

24. (क्र. 190) **श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वन विभाग जिला धमतरी के द्वारा वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में विभिन्न निर्माण एवं अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय हेतु निविदा निकाली गई थी ? यदि हां तो निविदा हेतु विज्ञापन किस समाचार पत्र में जारी किया गया था ? उक्त वर्ष में सामग्री आपूर्ति हेतु कुल कितने निविदा प्राप्त हुए ? नाम एवं पता सहित जानकारी देवें. उक्त दोनों वर्षो में किस व्यक्ति, फर्म या संस्था को सामग्री सप्लाई हेतु अनुबंध किया गया ? (ख) धमतरी वन मंडल के अंतर्गत चैनलिंक फेंसिंग के कुल कितने कार्य की कितने राशि की स्वीकृत मिली थी ? कार्यस्थान, स्वीकृत राशि, व्यय राशि, अद्यतन स्थिति के साथ ही उक्त कार्यों का मूल्यांकन एवं सत्यापन का आधार एवं किसके द्वारा किया गया बतावें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जी हां. निविदा विज्ञापन जारी किए गए समाचार पत्रों, निविदाकार का नाम, पता तथा निविदा में सामग्री सप्लाई हेतु अनुबंध किए गए व्यक्ति, फर्म एवं संस्था का विवरण ‡‡ संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) जानकारी ‡‡ संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

बलौदाबाजार भाटापारा तथा रायपुर जिले में रेत घाटो का आबंटन

25. (क्र. 196) **श्री शिवरतन शर्मा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बलौदाबाजार-भाटापारा तथा रायपुर जिले में कुल कितनी रेत खदानें/घाट है तथा कितने रेत घाटो में पर्यावरण विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है ? नाम सहित

† परिशिष्ट "छत्तीस " †† परिशिष्ट "सैंतीस " ‡ परिशिष्ट "अड़तीस " ‡‡ परिशिष्ट "उन्चालीस"

जानकारी देवें ? (ख) उक्त स्वीकृत खदानों/घाटों में कितनी खदानों की नीलामी हुई थी तथा कितनी खदानें नीलामी में शेष थी रेत घाटों की नीलामी नहीं होने के क्या कारण थे ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कुल 21 रेत खदानें स्वीकृत है, जिसमें से 19 रेत खदानों हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान किया गया है. रायपुर जिले में कुल 09 रेत खदानें स्वीकृत है तथा सभी रेत खदानों में पर्यावरण स्वीकृति प्रदान किया गया है. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) प्रश्नांश "क "की सभी रेत खदानों की नीलामी/टेंडर हुआ है. अतः शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

कोरिया जिला में जिला परिवहन कार्यालय का निर्माण

26. (क्र. 200) **श्री गुलाब कमरो** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कोरिया जिले में जिला परिवहन कार्यालय योजना प्रस्तावित है ? (ख) यदि हॉ तो कोरिया जिले में जिला परिवहन कार्यालय का निर्माण कब तक हो पायेगा ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) एवं (ख) जिला परिवहन कार्यालय बैकुंठपुर में स्थापित एवं संचालित है.

विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत अन्तर्गत राजस्व ग्रामों का विद्युतीकरण

27. (क्र. 201) **श्री गुलाब कमरो** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र क्र. 01 भरतपुर सोनहत अन्तर्गत विकासखण्ड भरतपुर के राजस्व ग्राम मन्नौढ़, करवां, मैनपुर, बड़गांवकला, बड़वार,ठिसकोली, भुमका, बघेल, सरंगवार, कैसोडा, देवगढ़खुर्द, मर्सरा एवं लावाहोरी वि. खं. मनेन्द्रगढ़ के राजस्व ग्राम सोनहरी नगवा, हंसपुर एवं नवाडीह वि. खं. सोनहत के राजस्व ग्राम रावतसरई एवं बेलाई में छ. ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी (CSPDCL) के माध्यम से विद्युतीकरण कब तक होगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत के अन्तर्गत विकासखण्ड भरतपुर के राजस्व ग्राम मन्नौढ़, करवां, मैनपुर, बड़गांवकला, बड़वार, ठिसकोली, भुमका, बघेल, सरंगवार, केसौडा, देवगढ़खुर्द, मर्सरा एवं लावाहोरी विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के राजस्व ग्राम सोनहरी नगवा, हंसपुर एवं नावाडीह तथा विकासखण्ड सोनहत के राजस्व ग्राम रावतसरई एवं बेलाई उक्त सभी 18 ग्राम गैर परम्परागत स्रोत सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जीकृत है. अत्याधिक वनबाधा एवं दुर्गम पहाड़ों के बीच स्थित होने के कारण वर्तमान में उनका परम्परागत स्रोत से विद्युतीकरण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है.

वरिष्ठ अधिकारियों के स्थान पर कनिष्ठ अधिकारियों की पदस्थापना संबंधी

28. (क्र. 222) **श्री रजनीश कुमार सिंह** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कनिष्ठ अधिकारियों को उच्च पद पर प्रभारी अधिकारी पदस्थ किये जाने के संबंध में विभाग या सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किये है ? यदि हॉ तो प्रश्न दिनांक की स्थिति में विभाग में कार्यपालन अभियंता व उच्च पद पर वरिष्ठता सूची के स्थान पर कौन-कौन कनिष्ठ अधिकारी को कहॉ-कहॉ प्रभारी अधिकारी पदस्थ किया गया है ? नामवार, स्थानवार जानकारी देने का कष्ट करें. विभाग में कितने वरिष्ठ अधिकारी कनिष्ठ अधिकारियों को प्रभार देने के कारण प्रभावित हुए हैं ? नाम सहित बतावें. (ख) राज्य में विभाग के किस-किस अधिकारियों के विरूद्ध पुलिस/विभागीय/ई. ओ. डब्ल्यू./ए. सी. बी. में जांच चल रही है नाम व पद सहित जानकारी देने का कष्ट करें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) जी नहीं. शेष प्रश्नांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ख) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम कुम्ही में 132 के. व्ही. सब स्टेशन की स्वीकृति

29. (क्र. 229) **श्री देवव्रत सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी संभाग के अंतर्गत विकासखंड-खैरागढ़ के ग्राम कुम्ही में 132 के. व्ही. सबस्टेशन की स्वीकृति के उपरांत आज दिनांक तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? तथा स्थल पर निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर ली जाएगी ?

† परिशिष्ट "चालीस "

†† परिशिष्ट "ईकचालीस "

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : जिला राजनांदगांव के विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम कुम्ही में 132 के. व्ही. सबस्टेशन की स्थापना की स्वीकृति दिनांक 26 फरवरी, 2019 को प्राप्त हुई. उक्त स्वीकृति उपरांत दिनांक 23 मार्च, 2019 को प्राक्कलन स्वीकृत कर दिनांक 19 जून, 2019 का निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई. निविदा स्वीकृति से संबंधी समस्त कार्यवाही उपरांत दिनांक 20 अप्रैल, 2020 को कार्यादेश जारी कर दिनांक 11 जून, 2020 को मेसर्स भांवरिया इंन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लिमिटेड, जयपुर को सबस्टेशन निर्माण हेतु कार्यास्थल हस्तांतरण किया गया. उक्त कार्यादेश में कार्यपूर्ण करने की अवधि कार्यास्थल हस्तांतरण दिनांक से 1 (एक) वर्ष निर्धारित है. उक्त अवधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है. उपरोक्त सबस्टेशन हेतु ठेलकाडीह से ग्राम कुम्ही तक 132 के. व्ही. पारेषण लाइन के निर्माण हेतु मेसर्स राजपुताना केब्लस एण्ड कंडक्टर्स प्रा. लिमि., जयपुर को दिनांक 06 अगस्त, 2020 को कार्यादेश जारी किया गया है. पारेषण लाइन दिसम्बर, 2021 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है.

जिला राजनांदगांव अंतर्गत रेत खदानों का संचालन

30. (क्र. 230) **श्री देवव्रत सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला राजनांदगांव में वर्ष 2019-20 में कितनी रेत खदानों का संचालन हो रहा है ? उन रेत खदानों से राज्य शासन को कितने घन मीटर क्षेत्र की खनन पट्टिका से कितनी-कितनी रॉयल्टी प्राप्त हुई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : जिला राजनांदगांव में वर्ष 2019-20 में 10 रेत खदानों का संचालन हुआ है. संचालित रेत खदानों का रकबा तथा प्राप्त रायल्टी की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	ग्राम	ग्राम पंचायत	रकबा (हेक्टेयर में)	मात्रा (घ. मी. में)	प्राप्त रायल्टी (राशि रुपये में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	बगदई	बगदई	6.478	1212	60600
2.	खैरा (रवेली)	खैरा (रवेली)	3.000	2148	107400
3.	रातापायली	रातापायली	6.073	3898	194900
4.	मटिया	नगर पंचायत डोंगरगांव	4.048	1603	80150
5.	खुटेरी	खुटेरी	4.858	46548	2327400
6.	भर्रेगांव	भर्रेगांव	5.000	4453	222650
7.	पानाबरस	पानाबरस	1.700	39758	1987900
8.	नवागांव	तोलुम	2.000	11000	550000
9.	घोरदा	घोरदा	3.500	2332	116600
10.	जंगलेसर	जंगलेसर	2.592	1300	65000
		योग	**41.249**	**114257**	**5712608**

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

31. (क्र. 233) **श्री राजमन बेंजाम** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सुकमा जिले में आने वाले चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 मे कितने कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? (ख) प्रश्नांश 'क ' और 'ख ' के संदर्भ में वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के स्वीकृत कार्यों की जानकारी पंचायतवार देवें.

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) सुकमा जिले में आने वाले चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में वर्ष 2019-20 में 10 नलकूप खनन कार्य और वर्ष 2020-21 में नवम्बर 2020 तक 03 कार्य स्वीकृत किये गये है. (ख) प्रश्नांश ''क'' एवं ''ख'' के संदर्भ में वर्ष 2019-20 और 2020-21 में नवम्बर 2020 तक स्वीकृत कार्यों की पंचायतवार जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	जिला	विधान सभा	ग्राम पंचायत का नाम	वर्ष 2019-20 में स्वीकृत	वर्ष 2020-21 में स्वीकृत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.			सौतनार	1	0
2.			कोडरीपाल	1	1
3.			कुकानार	6	0
4.	सुकमा	चित्रकोट	टाहकवाड़ा	1	0
5.			कोकावाड़ा	1	0
6.			पेदारास	0	1
7.			बोदारास	0	1
			कुल	**10**	**03**

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में कैम्पा मद में व्यय राशि

32. (क्र. 234) **श्री राजमन बेंजाम** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2019-2020 एवं 2020-21 में कैम्पा मद से किन-किन मदों में राशि व्यय की गयी है ? (ख) कैम्पा मद से व्यय की गई राशि का विवरण वर्षवार, मदवार और विकासखण्डवार देवें.

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

रायगढ़ जिले में कैम्पा निधि से संपादित कार्य

33. (क्र. 241) **श्री प्रकाश शक्राजीत नायक** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में वन मण्डल द्वारा राज्य कैम्पा निधि से वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में क्या-क्या कार्य कराया गया है ? (ख) इसके लिए कितनी राशि आबंटित की गई एवं कितनी राशि का उपयोग किया गया ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) रायगढ़ जिले में रायगढ़ वनमण्डल एवं धरमजयगढ़ वनमण्डल द्वारा राज्य कैम्पा निधि से वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में निम्नलिखित कार्य कराया गया है :-

वनमण्डल का नाम	वर्ष	कराये गये कार्य
(1)	(2)	(3)
रायगढ़	2018-19	सिंचित एवं असिंचित क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, कार्य आयोजना पुनरीक्षण कार्य, अग्नि सुरक्षा कार्य, लेन्टाना उन्मूलन कार्य, बांस भिर्रो की सफाई, वन्यप्राणी प्रबंधन अंतर्गत चारागाह विकास एवं स्टॉपडेम निर्माण, वनरक्षक निवास गृह निर्माण कार्य, कर्मचारी आवास में मूलभूत सुविधा, चारागाह विकास कार्य, सोलर पंप की स्थापना, बेरियर हट निर्माण कार्य, तालाब निर्माण, वॉच टॉवर निर्माण, भू-जल संरक्षण कार्य, नर्सरी उन्नयन, स्टॉपडैम निर्माण कार्य, विद्युत लाईन के नीचे बौनी प्रजाति वृक्षारोपण, हाईटेक बेरियर निर्माण, रपटा निर्माण, स्ट्राईक फोर्स वाहनों के रखरखाव, ए. एन. आर. एवं रोपण क्षेत्रों का रखरखाव.
	2019-20	क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, गेप क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, चारागाह विकास, वॉच टॉवर निर्माण, भू-जल संरक्षण कार्य, वायरलेस सुविधा का सुदृढ़ीकरण, अग्नि सुरक्षा, बोल्डर चेकडेम निर्माण, तालाब निर्माण, वनतुलसा उन्मूलन कार्य, अस्थायी बोरी बंधान निर्माण, हाईटेक बेरियर निर्माण, चैनलिंक फेंसिंग कार्य, पक्षी संवर्धन कार्य, नरवा विकास कार्य, स्टॉपडेम निर्माण, पत्थर दिवाल फेसिंग कार्य, मिट्टी बांध, स्ट्राईक फोर्स वाहनों के रखरखाव, परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण, ए. एन. आर. एवं रोपण क्षेत्रों का रखरखाव कार्य.

† परिशिष्ट "बयालीस "

(1)	(2)	(3)
धरमजयगढ़	2018-19	स्टॉपडैम निर्माण, जल संरचना मिट्टी बांध तालाब निर्माण बांध तालाब निर्माण,वनरक्षक भवन निर्माण, डब्ल्यू. बी. एम. रोड निर्माण, स्ट्राईक फोर्स वाहनों के रखरखाव, अग्नि सुरक्षा, कार्य आयोजना पुनरीक्षण कार्य, ए. एन. आर. एवं रोपण क्षेत्रों का रखरखाव कार्य.
	2019-20	क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, डब्ल्यू. बी. एम. रोड निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, हाईटेक बेरियर निर्माण, नरवा विकास कार्य, स्ट्राईक फोर्स वाहनों के रखरखाव, अग्नि सुरक्षा कार्य एवं टिम्बर डिपो विकास कार्य, ए. एन. आर. एवं रोपण क्षेत्रों का रखरखाव कार्य.

(ख) उपरोक्त कराये गये कार्यों के लिए की गई आबंटित राशि एवं उपयोग राशि (व्यय राशि) का विवरण निम्नानुसार है :-

वनमण्डल का नाम	वर्ष	आबंटित राशि	उपयोग राशि (व्यय राशि)
		(रु. लाख में)	
रायगढ़	2018-19	2134.348	1049.571
	2019-20	2043.325	633.322
	योग	**4177.673**	**1682.893**
धरमजयगढ़	2018-19	522.010	509.708
	2019-20	1146.576	874.340
	योग	**1668.59**	**1384.05**

छ. ग. राज्य में नवीन विकासखण्ड की स्थापना

34. (क्र. 242) **श्री प्रकाश शक्राजीत नायक** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. राज्य में कितने विकासखण्ड हैं ? (ख) क्या नये विकासखण्ड के गठन हेतु प्रस्ताव है यदि हॉ तो प्रारंभ किये जावेंगे ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) 146. (ख) प्रस्ताव नहीं है.

राजनांदगांव एवं कबीरधाम जिले में डी. एम. एफ. से प्राप्त राशि

35. (क्र. 253) **डॉ. रमन सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फाउंडेशन के तहत राज्य के हिस्से की कितनी राशि इस वित्तीय वर्ष में केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई ? (ख) राजनांदगांव एवं कबीरधाम जिले में डीएमएफ के तहत कितनी-कितनी राशि जिलेवार प्राप्त हुई एवं इस राशि से निर्माणाधीन कार्यों की सूची प्रदान करें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) डिस्ट्रिक्ट मिनरल्स फाउंडेशन में केन्द्र सरकार से राशि प्राप्त नहीं होती है, अपितु जिले में गठित जिला खनिज संस्थान न्यास को संबधित जिले में स्वीकृत खनि रियायतों एवं अन्य जिले से प्रभावित क्षेत्र के रूप में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार डीएमएफ अंशदान की प्राप्ति होती है. (ख) राजनांदगांव एवं कबीरधाम जिले में गठित जिला खनिज संस्थान न्यास को वित्तीय वर्ष 2020-21 (नवम्बर 2020 तक) में राशि क्रमशः 1833.90 लाख रुपये एवं 83.52 लाख रुपये प्राप्त हुई है. वित्तीय वर्ष 2020-21 (नवम्बर 2020 तक) में निर्माणाधीन कार्यों की सूची † संलग्न परिशिष्टि पर दर्शित है.

राजनांदगांव एवं खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण

36. (क्र. 254) **डॉ. रमन सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव एवं खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कितने ग्रामों में लो वोल्टेज की समस्या है ? कहां-कहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं ? (ख) लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ? (ग) राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव एवं खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कितने ग्रामों में विद्युत विस्तार हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं ? प्राप्त आवेदनों पर क्या कार्यवाही की गई है ?

† परिशिष्ट "तिरालीस "

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में लो-वोल्टेज की समस्या नहीं है, तथापि विद्युत प्रदाय प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु ग्राम जंगलेसर में एक नग 63 के. व्ही. ए. क्षमता का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया गया है. खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तीन ग्रामों में लो-वोल्टेज की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके निराकरण हेतु उक्त ग्रामों यथा बिडौरी में 25 के. व्ही. ए. ग्राम ढोलिकाकन्हार में 63 के. व्ही. ए. तथा गण्डई शहर में 25 के. व्ही. ए. क्षमता का अतिरिक्ति ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं. (ख) राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में लो-वोल्टेज की समस्या नहीं है, तथापि रबी फसल के समय कृषि पम्पों का अतिरिक्त प्रभार आ जाने के कारण क्षेत्र में ओव्हर लोडिंग की समस्या को दूर करने एवं विद्युत प्रदाय सिस्टम को सुदढ़ करने हेतु 33/11 के. व्ही. के तीन नये सबस्टेशन यथा ग्राम पेण्ड्री, टेडेसरा एवं गौरीनगर में प्रस्तावित किये गये है. इसी प्रकार खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुम्ही में 132/33 के. व्ही. सबस्टेशन निर्माणाधीन है तथा 33/11 के. व्ही. के 08 (आठ) नये सबस्टेशन यथा ग्राम पिपरिया, खम्हारडीह, टोलागांव, सिंघौरी, धोधा, कुकुरमुडा, रेंगाकठेरा एवं खैरबना में प्रस्तावित किये गये है. (ग) राजनांदगांव विधानसभ क्षेत्र के ग्रामों के विद्युत विस्तार हेतु कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं है. खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भावे के आश्रित ग्रामों यथा लमरा, लक्षनाझिरिया, कांशीबहरा एवं निचेलमरा में विद्युत विस्तार हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं. उक्त सभी ग्राम गैर परम्परागत स्रोत सौर ऊर्जा से पूर्व से ही विद्युतीकृत हैं. सघन वन क्षेत्र होने के कारण विद्युत लाईनों का विस्तार विचाराधीन नहीं है.

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में खनिज न्यास निधि फंड (डीएमएफ) से स्वीकृत राशि

37. (क्र. 262) **श्री पुन्नूलाल मोहले** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में 01 जनवरी, 2019 से प्रश्न दिनांक तक जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) फंड से कितनी राशि किस-किस विभाग को किन-किन कार्यों के लिए उपलब्ध कराई गई ? उक्तानुसार जारी राशि हेतु शासी परिषद् की स्वीकृति कब-कब प्राप्त की गई है ? संबंधित विभागों द्वारा उक्तानुसार राशि में कितनी राशि व्यय की गई है ? एवं कितना भुगतान शेष है? जिलेवार एवं विभागवार जानकारी देवें. (ख) प्रश्नांश 'क ' अनुसार उपलब्ध कराई गई राशियों में क्या-क्या शिकायतें कब-कब प्राप्त हुई है व उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में 01 जनवरी, 2019 से 30 नवम्बर 2020 तक जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से विभिन्न विभागों को स्वीकृत कार्य, राशि, शासी परिषद् की स्वीकृति दिनांक, विभागों द्वारा व्यय की गई राशि, भुगतान हेतु शेष राशि की विभागवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) प्रश्नांश ''क'' के अनुसार उपलब्ध कराई गई राशियों के संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है. अतः जानकारी निरंक है.

जिला बस्तर अंतर्गत नल-जल योजना की स्थापना

38. (क्र. 270) **श्री बघेल लखेश्वर** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बस्तर में नल-जल योजना अंतर्गत कहां-कहां कितनी लंबी पाईप लाईन विस्तार के साथ एवं कितनी राशि खर्च कर नल-जल योजना की स्थापना की गई ? वर्ष 2018 से अब तक की जानकारी बतावें ? (ख) उक्त कार्यों के कार्य संचालन के अद्यतन स्थिति क्या है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है. (ख) उक्त कार्य के कार्य संचालन की अद्यतन स्थिति †† संलग्न परिशिष्ट के कॉलम क्रमांक-5 में दर्शित अनुसार है.

जिला बस्तर में खनिज न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत राशि

39. (क्र. 271) **श्री बघेल लखेश्वर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बस्तर को वर्ष 2020-21 में अक्टूबर, 2020 तक जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत कुल कितनी राशि बंटित हुई व इस राशि का उपयोग किन-किन मदों में किया गया ? वर्षवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में उक्त मदान्तर्गत स्वीकृत कार्य में से कितनी पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ, प्रगति पर व अपूर्ण स्थिति में बंद है ? कृपया इन कार्यों के संबंध में स्वीकृत वर्ष के साथ पूरी जानकारी बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जिला बस्तर को वर्ष 2020-21 में अक्टूबर 2020 तक जिला खनिज न्यास निधि से 5267.43 लाख रुपये प्राप्त हुआ. मदवार उपयोग हेतु स्वीकृत की गयी राशि की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक पर दर्शित है. (ख) प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में उक्त मदान्तर्गत स्वीकृत कार्य में से 327 कार्य पूर्ण, 607 कार्य प्रगतिरत एवं 15 कार्य अप्रारंभ है, कोई भी कार्य अपूर्ण स्थिति में बंद नहीं है. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-दो पर दर्शित है.

† परिशिष्ट ''चौवालीस ''

†† परिशिष्ट ''पैंतालीस''

प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाएँ

40. (क्र. 284) **श्री अरूण वोरा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के अंतर्गत प्रदेश में कुल कितनी जल विद्युत परियोजना किन-किन जिलों में संचालित है ? (ख) इन जल विद्युत परियोजनाओं में पिछले 3 वर्षों में कितने मिलियन यूनिट्स बिजली का उत्पादन किया गया है ? परियोजनावार जानकारी दें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) एवं (ख) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित के अंतर्गत प्रदेश में जिला कोरबा में 02, जिला धमतरी में 01 एवं जिला गरियाबंद में 01 जल विद्युत परियोजना संचालित है उक्त जल विद्युत परियोजनाओं में पिछले 03 वर्षों (वर्ष 2017-18 से 2019-20) एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 में 30 नवम्बर, 2020 तक की स्थिति में 1049.921 मिलियन यूनिट्स बिजली का उत्पादन किया गया है. परियोजनावार जानकारी तालिका में दर्शित है.

क्र.	जल विद्युत परियोजना का नाम एवं स्थान	जिला	बिजली उत्पादन (मिलियन यूनिट में)				कुल बिजली उत्पादन (मिलियन यूनिट में)
			वित्तीय वर्ष 2017-18	वित्तीय वर्ष 2018-19	वित्तीय वर्ष 2019-20	वित्तीय वर्ष 2020-21 (30 नवंबर 2020 तक की स्थिति में)	
1.	3 x 40 मेगावाट हसदेव बांगो जल विद्युत संयंत्र माचाडोली, कोरबा	कोरबा	216.869	241.091	236.706	340.727	1035.393
2.	4 x 2.5 मेगावाट गंगरेल जल विद्युत संयंत्र गंगरेल	धमतरी	13.510	19.599	19.639	16.391	69.139
3.	2 x 3.5 मेगावाट सिकासार जल विद्युत संयंत्र, सिकासार	गरियाबंद	2.894	6.520	5.742	8.599	23.755
4.	2 x 0.85 मेगावाट कोरबा पश्चिम लघु जल विद्युत संयंत्र, कोरबा	कोरबा	9.246	1.599	7.089	3.700	21.634
	कुल उत्पादन		**242.519**	**268.809**	**269.176**	**369.417**	**1049.921**

रेरा में बिल्डर के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

41. (क्र. 293) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर, बिलासपुर व दुर्ग जिले में छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में अक्टूबर 2020 की स्थिति में किन-किन बिल्डरों के विरुद्ध प्रकरण किन-किन शिकायतों के आधार पर दर्ज है ? विगत 02 वर्षों में किन-किन बिल्डरों को कौन-कौन सी अनियमितता के कारण क्या-क्या दण्ड/जुर्माना/अन्य आदेश दिये गये है ? (ख) प्रश्नांश (क) अनुसार किन-किन बिल्डरों द्वारा दण्ड/जुर्माना/अन्य आदेश की पूर्ति कर दी गई है तथा किन-किन बिल्डरों द्वारा नहीं की गई व क्यों ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण को अक्टूबर, 2020 की स्थिति में प्राप्त शिकायत की जानकारी एवं विगत 02 वर्षों में प्रकरणों में दण्ड/जुर्माना/आदेश की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. शिकायतकर्ता द्वारा (1) प्रमोटर्स/बिल्डर्स के अनुबंध के अनुसार निर्धारित समय में कार्यपूर्ण नहीं किये जाने. (2) निर्धारित समयावधि में अधिपत्य नहीं सौपें जाने. (3) ब्रोशर/अनुबंध के अनुसार प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण नहीं कर सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराये जाने. (4) निर्माण की गुणवत्ता में कमी आदि

शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज किये गये है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के कॉलम-7 एवं 9 अनुसार है. जिला रायपुर के 21 बिल्डरों के 55, जिला बिलासपुर के 03 बिल्डरों के 06 एवं जिला दुर्ग के 05 बिल्डरों के 11 प्रकरणों में अपील किए जाने एवं प्रकरणों के आदेश में निष्पादन की कार्यवाही किए जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया गया है.

प्रदेश में प्रकोष्ठ अधिनियम का अनुकुलन

42. (क्र. 294) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विभाग द्वारा प्रदेश में प्रकोष्ठ अधिनियम कब लागू किया गया या मध्यप्रदेश के अधिनियम का अनुकुलन कब किया गया है ? (ख) यदि नहीं किया गया है तो प्रकोष्ठ अधिनियम कब तक लागू किया जावेगा ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) दिनाक 13 अगस्त, 2001 द्वारा मध्यप्रदेश स्वामित्व प्रकोष्ठ अधिनियम, 1976 का अनुकुलन किया गया. (ख) उत्तरांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

केशकाल विधानसभा क्षेत्र में कृषि कार्य हेतु स्थायी विद्युत कनेक्शनों की स्वीकृति

43. (क्र. 311) **श्री सन्तराम नेताम** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) केशकाल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-2021 में कृषि कार्य हेतु कितने आवेदन विभाग को प्राप्त हुए एवं कितने स्थायी कनेक्शन की स्वीकृति प्रदान की गई ? नवम्बर 2020 की स्थिति में विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) कितने प्रकरण लंबित हैं, कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे ? (ग) वित्तीय वर्ष 2021-2022 में आबंटन बढ़ाने हेतु क्या कार्य योजना बनायी गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) विधान सभा क्षेत्र केशकाल के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-2021 में दिनांक 30 नवंबर 2020 की अवधि तक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को कृषि पम्पों हेतु 1,040 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 982 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है. 30 नवम्बर 2020 की स्थिति में विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :-

विकासखण्ड का नाम	31 मार्च 2020 की स्थिति औपचारिकता पूर्ण लंबित आवेदनों की संख्या	वर्ष 2020-21 में प्राप्त आवेदनों की संख्या	स्वीकृत आवेदनों की संख्या	स्वीकृति हेतु लंबित आवेदनों की संख्या	औपचारिकता पूर्ण करने हेतु लंबित आवेदनों की संख्या	लाईन विस्तार हेतु लंबित
केशकाल	584	203	165	38	101	64
फरसगांव	1182	379	368	11	56	312
बड़ेराजपुर	495	458	449	9	196	253
कुल योग	**2261**	**1040**	**982**	**58**	**353**	**629**

(ख) 31 मार्च 2020 की स्थिति में केशकाल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विस्तार कार्य हेतु लंबित 2,261 आवेदकों को सम्मिलित करने पर 30 नवम्बर 2020 की स्थिति में कुल 2,890 आवेदन लाइन विस्तार कार्य हेतु लंबित है. 58 आवेदनों की प्राक्कलन स्वीकृति प्रक्रियाधीन है. कोण्डागांव जिले हेतु वर्ष 2020-21 में 920 कृषि पंपों के ऊर्जीकरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें भुगतान तिथि वरिष्ठता क्रम में केशकाल विधानसभा के 421 पंप सम्मिलित है, जिन्हें मार्च 2021 तक पूर्ण किये जाने के प्रयास है. शेष लंबित पंपों को आगामी वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने का प्रयास है. (ग) वित्तीय वर्ष 2021-22 में कृषि पम्पों के ऊर्जीकरण हेतु आबंटन बढ़ाये जाने हेतु बजट में प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है.

केशकाल विधान सभा क्षेत्र में नलकूप खनन कार्य की स्वीकृति

44. (क्र. 312) **श्री सन्तराम नेताम** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र केशकाल अंतर्गत वर्ष 2019-2020 एवं 2020-2021 में कितने नलकूप खनन के कार्य स्वीकृत किये गये थे ? (ख) उक्त स्वीकृत कार्यों में से कितने स्थानों में नलकूप खनन कार्य फेल हो गये हैं ? (ग) पूर्ण किए गये नलकूप खनन कार्यों में से कितने जगहों का पानी पीने योग्य नहीं है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) विधानसभा क्षेत्र केशकाल अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 64 एवं वर्ष 2020-21 में नवम्बर 2020 तक 29 नलकूप खनन के कार्य स्वीकृत किये गये है. (ख) उक्त स्वीकृत कार्यों में से वर्ष 2019-20 में 10 स्थानों में एवं वर्ष 2020-21 में (नवम्बर 2020 तक) 6 स्थानों में नलकूप खनन कार्य फेल (असफल) हो गये. (ग) पूर्ण किये गये सभी सफल नलकूपों का पानी पीने योग्य है. अतः पीने योग्य नहीं की जानकारी निरंक है.

जिला धमतरी को डीएमएफ मद में प्राप्त राशि

45. (क्र. 335) **डॉ. लक्ष्मी ध्रुव** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में जिला धमतरी को डीएमएफ मद से कितनी राशि प्राप्त हुई तथा उक्त राशि से सिंहावा विधानसभा क्षेत्र में कहां-कहां, कौन-कौन से कार्य कितने लागत से स्वीकृत किये गये है ? (ख) उक्त स्वीकृत कार्यों की पूर्ण-अपूर्ण की जानकारी बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) वित्तीय वर्ष 2019-20 में 5 करोड़ 76 लाख 89 हजार 517 रुपये एवं 2020-21 में 7 करोड़ 74 लाख 07 हजार 74 रुपये जिला धमतरी को डीएमएफ मद में प्राप्त हुई. सिंहावा विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कार्य/स्थान एवं राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कालम 02 एवं 03 पर दर्शित है. (ख) स्वीकृत कार्यों में से पूर्ण-अपूर्ण की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कालम 04 पर दर्शित है.

नेता प्रतिपक्ष, छ. ग. विधानसभा के द्वारा प्रमुख सचिव, वन विभाग को प्रेषित पत्र पर कार्यवाही

46. (क्र. 359) **श्री धरमलाल कौशिक** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नेता प्रतिपक्ष, छ. ग. विधानसभा के द्वारा प्रमुख सचिव, वन विभाग को प्रेषित पत्र क्रमांक वी 945/ने. प्र./2020, दिनांक 06-01-2020 पर क्या कार्यवाही की गई तथा कृत कार्यवाही से कब अवगत कराया गया है? (ख) प्रश्नांक "क" अनुसार पत्र के आधार पर कौन-कौन दोषी पाये गये हैं व किन-किन कारणों से दोषी पाये गये हैं व तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ? प्रश्न दिनांक तक यदि कार्यवाही नहीं की गई है तो कारण क्या है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पत्र पर तत्काल कार्यवाही हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक, रायपुर से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया. प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार स्थिति से क्रमशः विभागीय पत्र दिनांक 22-02-2020, 05-08-2020 एवं 26-11-2020 द्वारा माननीय नेता प्रतिपक्ष को जांच के अंतिम निष्कर्ष से अवगत करा दिया गया है. (ख) श्री संदीप बलगा, भा. व. से. (2015) तत्कालीन वनमंडलाधिकारी, बिलासपुर एवं श्री अजय सिंह, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, तत्कालीन भण्डार शाखा प्रभारी, बिलासपुर वनमण्डल, भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करने के दोषी पाये गए. उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है.

प्रदेश में हाथियों की मौत एवं उत्पात से जनहानि

47. (क्र. 360) **श्री धरमलाल कौशिक** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में जनवरी 2019 से प्रश्न अवधि तक कितने हाथियों की मौत किन कारणों से हुई ? जिलेवार जानकारी देवें. उक्त अवधि में हाथियों द्वारा कितनी जनहानि पहुचाई गई है ? जिलेवार जानकारी देवें. इस हेतु कितना मुआवजा प्रदान किया गया है ? कितने पीड़ितो को मुआवजा प्रदान किया जाना शेष है व कब से ? (ख) प्रदेश में कितने हाथी रिजर्व क्षेत्र हैं ? लेमरू हाथी रिजर्व की अधिसूचना कब जारी की गई है व इससे कौन-कौन से ग्राम प्रभावित एवं विस्थापित हो रहे हैं. कितने प्रभावित या विस्थापित ग्रामवासियों को कितना मुआवजा दिया गया है व कितना दिया जाना शेष है ? ग्रामवार जानकारी देवें लेमरू हाथी रिजर्व क्षेत्र को लेकर किन-किन ग्रामों के वासियों द्वारा शिकायत/विरोध किया गया है व क्यों ? इन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) प्रदेश में जनवरी 2019 से प्रश्न अवधि तक प्रश्नांश (क) की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) छत्तीसगढ़ राज्य में एक मात्र सरगुजा-जशपुर हाथी रिजर्व है, लेमरू हाथी रिजर्व की अधिसूचना जारी नहीं हुई है. अतः अन्य जानकारी निरंक है.

जिला बालोद में कृषि पंपों के ऊर्जीकरण हेतु लक्ष्य एवं पूर्ति

48. (क्र. 376) **श्रीमती संगीता सिन्हा** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में बालोद जिले के लिए ग्रिड माध्यम एवं ऑफ ग्रिड माध्यम से कृषि पंपों के ऊर्जीकरण हेतु निर्धारित लक्ष्य क्या था एवं इस हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए ? (ख) प्रश्नांश "क" में प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध कितने कृषि पंपो के ऊर्जीकरण हेतु आदेश जारी किया जा चुका है एवं कितने आवेदन निरस्त किये गये हैं ?

† परिशिष्ट "छियालीस "

†† परिशिष्ट "सैंतालीस "

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) और (ख) वर्ष 2018-19 एवं वर्ष 2019-20 में बालोद जिले के लिए ग्रिड माध्यम एवं ऑफ ग्रिड माध्यम से कृषि पंपों के ऊर्जीकरण हेतु निर्धारित लक्ष्य, प्राप्त आवेदन, कार्यादेश जारी एवं निरस्त आवेदन का विवरण निम्नानुसार है :-

ऊर्जीकरण का स्रोत	वर्ष	निर्धारित लक्ष्य	प्राप्त आवेदन	कार्यादेश जारी	निरस्त आवेदन	लंबित आवेदन
ग्रिड	2018-19	-	2181	2042	139	-
(परम्परागत स्रोत)	2019-20	1000	1458	1406	49	03
ऑफग्रिड	2018-19	274	428	274	154	0
(गैर परम्परागत स्रोत)	2019-20	490	545	490	05	50
	कुल	**1764**	**4612**	**4212**	**347**	**53**

बालोद वनमण्डल में पुल-पुलिया, सड़क एवं स्टॉप डेम का निर्माण

49. (क्र. 377) **श्रीमती संगीता सिन्हा** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनवरी 2018 से 27 नवम्बर, 2020 तक बालोद वनमण्डल के अंतर्गत किन-किन पुल-पुलिया, सड़क एवं स्टॉपडेम का निर्माण वन विभाग द्वारा कराया गया है ? वर्षवार, कार्यवार लागत सहित जानकारी देंवे. (ख) प्रश्नांश "क" के कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? कौन-कौन से कार्य प्रगति पर हैं एवं कौन-कौन से कार्य किन कारणों से अप्रारंभ हैं ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

जिला मुंगेली में जल जीवन मिशन के तहत नल जल कनेक्शन योजना का क्रियान्वयन

50. (क्र. 389) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला मुंगेली के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत नल जल कनेक्शन की योजना किन-किन गांव/पंचायतों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है, विधानसभा क्षेत्रवार बतावें ? (ख) कंडिका (क) के कार्य की लागत क्या है ? टेण्डर कब जारी किया गया एवं किन-किन फर्म/संस्था को कार्यादेश कब-कब जारी किए गए ? उनके नाम व पता सहित ब्यौरा दें ? (ग) कंडिका (क) के कार्य के विरूद्ध 27-11-2020 तक संबंधित फर्म/संस्था को कितना-कितना भुगतान कितना कार्य किए जाने के विरूद्ध किया गया ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) जिला मुंगेली के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत गांव/ग्राम पंचायतों के लिए प्रदान की गई प्रशासकीय स्वीकृतियों की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ "के क्रमशः कालम क्र.-03 एवं 04 में दर्शित अनुसार है. विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ " के कालम क्र.-05 में दर्शित है. (ख) कंडिका "क "के अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्य की लागत †† संलग्न प्रपत्र "अ "के कालम क्र. 07 में दर्शित अनुसार है. विभाग द्वारा कोई टेन्डर जारी नहीं किये गये तथापि क्रेडा को जारी वर्क आर्डर की दिनांकवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट-"अ "के कॉलम क्रमांक 08 में दर्शित है. कंडिका "क " के अंतर्गत क्रेडा छत्तीसगढ़ के द्वारा दर निर्धारण की प्रक्रिया के लिये रेट कान्ट्रेक्ट की निविदा दिनांक 09-06-2020 को जारी की गई थी. क्रेडा छत्तीसगढ़ के द्वारा विभिन्न फर्मों को आबंटित कार्य/दिनांक की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब " के कॉलम क्र.-02 में दर्शित अनुसार है. क्रेडा छत्तीसगढ़ के द्वारा कार्य आबंटित किये गये फर्मों के नाम/स्थान की जानकारी परिशिष्ट-"ब " के कॉलम क्र.-03 में दर्शित अनुसार है. (ग) कंडिका (क) के विरूद्ध दिनांक 27-11-2020 तक क्रेडा के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विरूद्ध विभाग द्वारा की गई भुगतान का विवरण †† संलग्न प्रपत्र "अ " के कॉलम क्रमांक 09 में दर्शित अनुसार है.

जिला बिलासपुर एवं मुंगेली क्षेत्र के रेत घाटों से अवैध उत्खनन/परिवहन के दर्ज प्रकरण

51. (क्र. 390) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बिलासपुर, मुंगेली क्षेत्र के रेत घाटों से अवैध रेत खनन/परिवहन के कितने-कितने प्रकरण 1 जनवरी 2020 से 15 नवंबर 2020 तक दर्ज किए गए ? (ख) कंडिका (क) के

† परिशिष्ट "अड़तालीस "

†† परिशिष्ट "उन्चास"

कितने प्रकरणों में कितना-कितना अर्थदण्ड वसूल किया गया ? प्रकरणवार बतावें ? (ग) कंडिका (क) के कितने प्रकरणों में प्रयुक्त वाहनों की जब्ती बनाई गई ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जिला बिलासपुर एवं मुंगेली क्षेत्र अंतर्गत 01 जनवरी 2020 से 15 नवंबर 2020 तक रेत के अवैध उत्खनन के 07 प्रकरण तथा अवैध परिवहन के 383 प्रकरण दर्ज किया गया है. (ख) उत्तरांश (क) के सभी अवैध उत्खनन के प्रकरण में कुल 04 लाख 10 हजार 2 सौ 10 रुपये एवं अवैध परिवहन के प्रकरण में कुल 40 लाख 09 सौ 16 रुपये समझौता राशि वसूल किया गया है. प्रकरणवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कॉलम-5 पर दर्शित है. (ग) कंडिका (क) के समस्त प्रकरणों में अवैध उत्खनन एवं परिवहन में मौके पर पाये गये वाहन/मशीन की जप्ती कर कार्यवाही किया गया है.

राजनांदगांव जिले में अवैध रेत परिवहन/उत्खनन के दर्ज प्रकरण

52. (क्र. 394) **श्रीमती छन्नी चन्दू साहू** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के अंतर्गत वर्ष 01 जनवरी 2020 से 30 नवम्बर 2020 तक की अवधि में रेत के अवैध परिवहन/उत्खनन के कितने प्रकरण विकासखण्डवार दर्ज किए गए ? कितने वाहन एवं वाहन मालिकों पर कार्यवाही की गई ? (ख) राजनांदगांव जिले में रेत उत्खनन के लिए कुल कितनी रेत खदानें आबंटित की गई है ? तथा रेत खनन की दरें निर्धारण करने की क्या प्रक्रिया है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) राजनांदगांव जिले के अंतर्गत दिनांक 01 जनवरी 2020 से 30 नवम्बर 2020 तक की अवधि में रेत के अवैध उत्खनन के दर्ज 01 प्रकरण में 25,000/- रुपये तथा अवैध परिवहन के दर्ज 143 प्रकरणों में राशि 20 लाख, 31 हजार 800 रुपये समझौता राशि वसूल की गई है. सभी वाहन एवं वाहन मालिकों पर की गई कार्यवाही की विकासखण्डवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) राजनांदगांव जिले में रेत उत्खनन हेतु कुल 11 रेत खदानें आवंटित की गई है. जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत रेत खदानों से रेत के लदान हेतु प्रति घनमीटर सिलिंग प्राईज (लोडिंग दर, रैम्प निर्माण, परिवहन मार्ग मरम्मत एवं अन्य व्यय) की दर निर्धारित किया जाता है.

राजनांदगांव वन मण्डल में पौधरोपण

53. (क्र. 395) **श्रीमती छन्नी चन्दू साहू** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव वनमण्डल द्वारा वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में विभिन्न मद अंतर्गत कितने पौधों का कितने हेक्टेयर में रोपण किया गया है ? जिसमें कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? विधानसभावार, परिक्षेत्रवार जानकारी देवें. (ख) प्रश्नांश (क) के अनुसार कुल रोपित पौधे तथा वर्तमान में जीवित एवं मृत पौधो की जानकारी प्रदान की जावें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) एवं (ख) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ग्रामोद्योग की स्थापना हेतु चयनित ग्राम पंचायतें

54. (क्र. 399) **डॉ. विनय जायसवाल** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामोद्योग लगाने के लिए किन-किन ग्राम पंचायतों को चिन्हांकित किया गया है, और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : ग्रामोद्योग विभाग में ग्राम पंचायत को इकाई मानते हुए चयन करने का प्रावधान नहीं है. मनेन्द्रगढ़ विधान सभा क्षेत्र में रेशम विभाग के कोसा बीज केन्द्र ग्राम-पंचायत रोझी तथा ग्राम पंचायत पहाड़ हसवाही में संचालित है. ग्राम पंचायत मनवारी में रेशम परियोजना केन्द्र संचालित है. खादी बोर्ड द्वारा वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 115 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए हैं तथा मुख्य मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 24 प्रकरण बैंकों को प्रेषित हो चुके हैं.

जिला जांजगीर-चांपा में अवैध रेत उत्खनन व रेत भंडारण की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

55. (क्र. 406) **श्रीमती इन्दू बंजारे** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जांजगीर चांपा जिले में जुलाई 2020 से नवम्बर 2020 तक अवैध रेत उत्खनन, अवैध भंडारण की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है? उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? ब्लॉकवार जानकारी देवें ?

---

† परिशिष्ट "पचास" †† परिशिष्ट "इक्यावन" ‡ परिशिष्ट "बावन"

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जिला जांजगीर-चाम्पा में जुलाई 2020 से नवम्बर 2020 तक खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं अवैध भण्डारण 02 लिखित शिकायत प्राप्त हुई है जिनकी जांच में शिकायतें निराधार पायी गयी हैं. मौखिक शिकायतों के आधार पर खनिज रेत के अवैध उत्खनन के 01 एवं अवैध भण्डारण के 03 दर्ज प्रकरणों में राशि 03 लाख 69 हजार 4 सौ 50 रुपये समझौता राशि वसूल की गई है. ब्लॉकवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है.

पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित रेत खदान

56. (क्र. 407) **श्रीमती इन्दू बंजारे** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 30-11-2020 की स्थिति में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कितनी ग्राम पंचायतों व नगरीय निकाय क्षेत्रों में रेत खदान संचालित है ? ब्लॉक का नाम पता बतायें ? (ख) उपरोक्त खदानों का रकबा बताये जिनमें खदान संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 30-11-2020 की स्थिति में 04 ग्राम पंचायतों व 01 नगरीय निकाय क्षेत्र में कुल 07 रेत खदान पामगढ़ व नवागढ़ ब्लॉक में संचालित है. (ख) प्रश्नांश (क) के संदर्भ में संचालित रेत खदानों के रकबा की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	रेत खदान का नाम	ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय का नाम	ब्लॉक का नाम	रकबा (हेक्टर में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	देवरघटा	ग्राम पंचायत, कमरीद	पामगढ़	5.000
2.	तनौद	ग्राम पंचायत, तनौद		5.000
3.	खोरसी-1	ग्राम पंचायत, खोरसी		5.000
4.	खोरसी-2	ग्राम पंचायत, खोरसी		5.000
5.	देवरी	ग्राम पंचायत, देवरी		5.000
6.	महन्तपारा	नगर पंचायत, शिवरीनारायण	नवागढ़	5.000
7.	भोगहापारा	नगर पंचायत, शिवरीनारायण		5.000

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जारी ई-टेंडर

57. (क्र. 415) **श्री बृजमोहन अग्रवाल** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 1 जनवरी, 2020 से 30 नवंबर, 2020 तक किन-किन कार्यों के लिए ऑनलाईन ई-टेंडर किये गए ? राशि एवं कार्य सहित विवरण देवें ? (ख) कंडिका "क" के किन-किन टेंडरों की तिथि बढ़ाई गई ? (ग) क्या मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परिक्षेत्र रायपुर के खिलाफ टेंडरों को रोकने और जारी करने में अनियमितता की शिकायत हुई है यदि हां तो क्या कार्यवाही हुई ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में 1 जनवरी 2020 से 30 नवंबर 2020 तक पेयजल व्यवस्था कार्यों हेतु किये गये ऑनलाईन ई-टेंडर की कार्यवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के कॉलम-4 में दर्शित अनुसार है. राशि एवं कार्य सहित विवरण की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के कॉलम क्रमशः-5 एवं 4 में दर्शित अनुसार है. (ख) कंडिका "क" के अनुसार टेंडरों की तिथि बढ़ाई गई की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के कॉलम-6 में दर्शित अनुसार है. (ग) जी नहीं, अपितु कतिपय शिकायतें प्राप्त हुई है जो टेण्डरों को रोकने व जारी करने के संबंध में नहीं है. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

लुण्ड्रा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नलकूप खनन की स्वीकृति

58. (क्र. 426) **डॉ. प्रीतम राम** : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कितने नलकूप खनन के कार्य स्वीकृत किए गए थे ? कार्यों की अद्यतन स्थिति बतावें. (ख) उक्त स्वीकृत कार्यों में से कितने प्रकरण में नलकूप खनन का कार्य फेल हो गया ? (ग) पूर्ण किए गए नलकूप खनन कार्यों में से कितने जगहों का पानी पीने योग्य नहीं हैं ? संख्या एवं स्थल बतावे.

† परिशिष्ट "तिरपन"

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरू रूद्र कुमार) : (क) विधान सभा क्षेत्र लुण्ड्रा अन्तर्गत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में 232 नग नलकूप खनन के कार्य स्वीकृत किये गये थे. कार्यों का अद्यतन स्थिति वर्षवार निम्नानुसार है :-

क्र.	विधान सभा क्षेत्र	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत नलकूप	खनित नलकूप	सफल	असफल
1.	लुण्ड्रा	2017-18	72	72	69	3
		2018-19	54	54	48	6
		2019-20	106	106	101	5
		योग	**232**	**232**	**218**	**14**

(ख) उक्त स्वीकृत कार्यों में से 14 नलकूप खनन का कार्य फेल (असफल) हो गये है. (ग) पूर्ण किये गये 218 सफल नलकूप का जल परीक्षण उपरांत कोई भी जगह ऐसा नहीं है, जहां का पानी पीने योग्य नहीं है. अतः संख्या एवं स्थल की जानकारी निरंक है.

लुण्ड्रा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पौधारोपण

59. (क्र. 427) **डॉ. प्रीतम राम** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधानसभा लुण्ड्रा अंतर्गत कितने क्षेत्र में कितने पौधों का पौधारोपण किया गया ? वर्षवार पिछले पांच वर्षों की जानकारी देवें. (ख) प्रश्नांक ''क'' अनुसार रोपित पौधों में से कितने पौधे जीवित रहें ? वर्षवार/क्षेत्रवार पिछले पांच वर्ष की जानकारी देवें.

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) एवं (ख) जानकारी निम्नानुसार है.

क्र.	वर्ष	रोपण का रकबा (हे. में)	रोपित पौधा संख्या	जीवित पौधों की संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	2015-16	502.53	374410	268726
2.	2016-17	91.00	177600	114484
3.	2017-18	21.50	95650	63990
4.	2018-19	2.63	75682	56100
5.	2019-20	198.00	161800	150165
	योग	**815.66**	**8,85,142**	**6,53,465**

शीतकालीन सत्र

सोमवार, दिनांक 21 दिसम्बर, 2020

परिशिष्ट

III

तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 392) के भाग (क) की जानकारी]

विधानसभा क्षेत्र खुज्जी में वर्ष 2018 से 30 नवम्बर 2020 तक अवधि में स्थायी एवं अस्थायी सिंचाई पंप कनेक्शन के प्राप्त, जारी किये गये कनेक्शन एवं लंबित आवेदनों के संख्या की वितरण केन्द्रवार जानकारी

क्र.	वितरण केन्द्र का नाम	प्राप्त आवेदन		जारी किये गये कनेक्शन		लंबित आवेदन		निरस्त किये गये आवेदन	
		स्थायी	अस्थायी	स्थायी	अस्थायी	स्थायी	अस्थायी	स्थायी	अस्थायी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	छुरिया	574	1205	82	1205	492	0	0	0
2	एल0बी0नगर	85	171	41	171	44	0	0	0
3	सड़कबिरचारी	5	152	0	152	5	0	0	0
4	डोंगरगांव ग्रामीण	183	326	56	326	127	0	0	0
5	खुज्जी	791	470	47	470	322	0	422	0
6	कुमरदा	274	558	54	558	220	0	0	0
7	बांधाबाजार	461	308	201	308	260	0	0	0
8	चौकी	347	182	98	182	249	0	0	0
	योग	**2720**	**3372**	**579**	**3372**	**1719**	**0**	**422**	**0**

परिशिष्ट "दो"

[तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 298) की जानकारी]

प्रपत्र "अ"

कांकेर वनवृत्त के अंतर्गत केशकाल व कोण्डागांव वनमंडलों में क्रय किए गए चेनलिंक फेंसिंग का वर्षवार, परिक्षेत्रवार, एजेंसीवार, भुगतान राशि का विवरण

वर्ष	वन मण्डल का नाम	परिक्षेत्र का नाम जहां चेनलिंक फेंसिंग कार्य किए गए	एजेन्सी/फर्म का नाम जिनसे चेनलिंक फेंसिंग कय की गई	फर्मों को भुगतान की गई राशि
1	2	3	4	5
2019–20	दक्षिण कोण्डागांव	कोण्डागांव	द्विवेदी वेलडींग वर्क बेमेतरा	596333
			कोण्डागांव परिक्षेत्र योग	**596333**
		दहीकोंगा	बारबरिक टाई अप प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर	2369304
			दहीकोंगा परिक्षेत्र योग	**2369304**
		मुलमुला	बारबरिक टाई अप प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर	861137
			मुलमुला परिक्षेत्र योग	**861137**
			योग (दक्षिण कोण्डागांव) :–	**3826774**
	केशकाल	–	–	-
			योग (केशकाल) :–	-
			योग (वर्ष 2019–20) :–	**3826774**
2020–21 (30 नवम्बर 2020 की स्थिति)	दक्षिण कोण्डागांव	कोण्डागांव	बालाजी इण्डस्ट्रीज जांजगीर चापा	1079736
			जैन स्टील इण्डस्ट्रीज जगदलपुर	713693
			कोण्डागांव परिक्षेत्र योग	**1793429**
		दहीकोंगा	एज जी इण्डस्ट्रीज कोरिया	1528558
			दहीकोंगा परिक्षेत्र योग	**1528558**

वर्ष	वन मण्डल का नाम	परिक्षेत्र का नाम जहां चेनलिंक फेंसिंग कार्य किए गए	एजेन्सी/फर्म का नाम जिनसे चेनलिंक फेंसिंग कय की गई	फर्मों को भुगतान की गई राशि
1	2	3	4	5
2020–21 (30 नवम्बर 2020 की स्थिति)	दक्षिण कोण्डागांव	मुलमुला	बालाजी इण्डस्ट्रीज जांजगीर चापा	237558
			मुलमुला परिक्षेत्र योग	**237558**
		माकड़ी	बालाजी इण्डस्ट्रीज जांजगीर चापा	253045
			माकड़ी परिक्षेत्र योग	**253045**
			योग (दक्षिण कोण्डागांव) :–	**3812590**
	केशकाल	फरसगांव	मेसर्स एस.एल. इन्डस्ट्रीज, रायपुर	1647510
			फरसगांव परिक्षेत्र योग	**1647510**
		केशकाल	मेसर्स एस.एल. इन्डस्ट्रीज, रायपुर	283783
